R.N.I. : UPHIN/2012/52437
Website : www.mantrabharat.com
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 21
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
सोमवार, 29 सितम्बर, 2025

जुनून है सच लिखने का

डाक पंजीयन संख्या : एल-2/9/रजि0/एडी0/119/15-17

# मंत्र भारत



हिन्दी दैनिक
प्रयागराज, लखनऊ, ग्वालियर एवं मुम्बई से एक साथ प्रकाशित एवं प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़ व गोरखपुर से प्रसारित

3 अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर नमन
5 गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पशु ...
7 'चांद के सुरतिया', करवाचौथ से पहले वायरल ...

# लेह में अब कैसे हैं हालात? सीआरपीएफ मुस्तैद, आईटीबीपी ने निकाला फ्लैग मार्च

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। हिंसा प्रभावित लेह शहर में रविवार को लगातार पांचवें दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने के बारे में फैसला लेने के लिए समीक्षा बैठक करने वाले हैं। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) द्वारा आहूत बंद के दौरान व्यापक विरोध के बाद बुधवार शाम को कर्फ्यू लगा दिया गया था।

लेह शहर में शनिवार को कर्फ्यू में पहली बार चरणबद्ध तरीके से चार घंटे की ढील दी गई और जो शांतिपूर्ण रही। बुधवार को हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए जबकि दंगों में संलिप्तता के आरोप में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया।

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया और उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल में रखा गया। एक अधिकारी ने कहा, 'स्थिति सामान्य रही और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उपराज्यपाल जल्द राजभवन में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और दिन के दौरान प्रतिबंधों में ढील देने पर निर्णय लिया जाएगा।'

उन्होंने बताया कि लेह में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहीं, जबकि करगिल सहित केंद्र शासित प्रदेश के अन्य प्रमुख हिस्सों में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंधात्मक आदेश भी लागू रहे।

कर्फ्यूग्रस्त इलाकों में पुलिस और दंगा-रोधी उपकरणों से लैस केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भारी संख्या में तैनात देखे गए जबकि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के जवान भी आज सुबह फ्लैग मार्च करते दिखाई दिए।



हिंसा में मारे गए दो लोगों का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। लेह हिंसा के बाद पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में नामजद कई लोगों में दो कांग्रेस पार्षदों के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने शनिवार को एक स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया।

लद्दाख बार एसोसिएशन, लेह के अध्यक्ष मोहम्मद शफी लस्सू ने बताया कि दोनों पार्षदों - स्मानला दोरजे नूरबो और फुत्सोग स्टैनजिन त्सेपाक के साथ लद्दाख बौद्ध एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सविन रिगजिन और गांव के नंबरदार रिगजिन दोरजे को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने केवल इन चार लोगों की हिरासत मांगी थी, जबकि बाकी लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इनमें लेह एपेक्स बॉडी और लद्दाख बौद्ध एसोसिएशन के युवा नेता और छात्र भी शामिल हैं।

## तमिलनाडु के करूर भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया शोक, मृतकों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि घोषित

चेन्नई **(एजेंसी)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-राजनेता विजय की रैली में हुई भीषण भगदड़ पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दुखद घटना में 39 लोगों की मौत हो गई थी।



प्रधानमंत्री ने कहा, 'तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं इस कठिन समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस त्रासदी में घायलों को 50, 000 रुपये दिए जाएंगे। इस दुखद घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने भी शोक व्यक्त किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से बात की और राज्य को हर संभव केंद्रीय सहायता देने का आश्वासन दिया है। साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से घटना पर रिपोर्ट भी मांगी है।

## तमिलनाडु भगदड़ : 39 मौतों के बाद विजय की टीवीके पार्टी के नेताओं पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज

चेन्नई **(एजेंसी)**। तमिलनाडु के करूर में अभिनेता और राजनेता विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ में 39 लोगों की मौत होने के बाद, पुलिस ने उनकी राजनीतिक पार्टी, तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। इस दुखद घटना में लगभग 10 बच्चे शामिल हैं, जबकि 50 से ज्यादा लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने



टीवीके पार्टी के वरिष्ठ नेताओं बुस्सी आनंद, निर्मल कुमार और वी.पी. मथियालगन के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, टीवीके पार्टी ने रैली के लिए शुरू में 10, 000 लोगों के जमावड़े की अनुमति मांगी थी, लेकिन वास्तव में भीड़ दोगुनी से भी ज्यादा थी।

तीन दशकों से तमिल सिनेमा के सबसे बड़े नामों में से एक रहे विजय ने पिछले साल अपनी पार्टी शुरू करने के बाद से लगातार भारी भीड़ जुटाई है। भगदड़ से 'दुखी' विजय ने पीड़ित परिवारों को सहायता देने का वादा किया है। वह अगले साल होने वाले राज्य चुनावों से पहले अपनी पार्टी का प्रचार कर रहे थे।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। राज्य सरकार ने भगदड़ के कारणों की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक आयोग भी नियुक्त किया है।

## दिल्ली में आईजीआई एयरपोर्ट समेत कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल से हड़कंप, जांच शुरू

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। रविवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

आईजीआई के अलावा, शहर के कुछ स्कूलों और कई अन्य संस्थानों को भी इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मिले हैं। ये ई-मेल सुबह लगभग 6 बजे के आसपास भेजे गए। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि धमकी अस्पष्ट थी और इससे हवाई अड्डे के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

बम की धमकियों का यह नया सिलसिला उसी दिन शुरू हुआ जब इससे पहले दिल्ली के दो स्कूलों को भी इसी तरह के ईमेल मिले थे, जिन्हें बाद में अफवाह घोषित कर दिया गया।

पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन स्कूलों को ये धमकियां मिलीं, उनमें द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और कुतुब मीनार के पास एक सर्वोदय विद्यालय शामिल थे।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस दल, अग्निशमन कर्मी और बम निरोधक इकाइयों को तुरंत प्रभावित स्कूलों में तैनात किया गया था। हालांकि, तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

गौरतलब है कि हाल के महीनों में दिल्ली और उसके आसपास के विभिन्न संस्थानों को निशाना बनाकर बम की धमकी वाले ईमेल की बाढ़ आ गई है, और जांच के बाद अब तक ये सभी धमकियां अफवाह ही साबित हुई हैं।



## राहुल गांधी का बड़ा आरोप : 'लद्दाख के लोगों, संस्कृति पर भाजपा- आरएसएस हमला कर रहे हैं', छठी अनुसूची लागू करने की मांग

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि लद्दाख के लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस द्वारा हमला किया जा रहा है। उन्होंने लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की भी वकालत की। गांधी की यह टिप्पणी लेह में हुई हिंसा के मद्देनजर आई है। लेह में बुधवार को हुई हिंसा में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गये थे और कई अन्य घायल हो गये। तब से, दंगों में संलिप्तता के आरोप में 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया है और राजस्थान की जोधपुर जेल में रखा गया है। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "लद्दाख के अद्भुत लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हमला कर रहे हैं।" लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, "लद्दाख के लोगों ने आवाज उठाई। भाजपा ने चार युवकों की जान लेकर और सोनम वांगचुक को जेल में डालकर जवाब दिया। हत्या बंद करो। हिंसा बंद करो। धमकी देना बंद करो।" उन्होंने कहा, "लद्दाख को आवाज दीजिए। उन्हें छठी अनुसूची दीजिए।" अधिकारियों ने बताया कि हिंसा प्रभावित लेह में रविवार को लगातार पांचवें दिन कर्फ्यू लगा रहा और उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने के बारे में फैसला करने के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक करेंगे।



## नूंह में पुलिस टीम पर हमला अवैध राइफल्स से अंधाधुंध फायरिंग

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। हरियाणा के नूंह में पुलिस टीम पर आरोपियों की समर्थक भीड़ द्वारा हमले की खबर है। पुलिस टीम यहां चोरों को पकड़ने गई थी लेकिन पुलिस टीम पर ही अवैध हथियारों से हमला कर दिया गया। इसके चलते कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि बाद में पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की और मामले पर काबू पाया।

पुलिस टीम पर पथराव का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके चलते पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों और उनके समर्थकों ने पहले पत्थरबाजी की और फिर अवैध हथियारों से जमकर फायरिंग की। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की गई।

दरअसल ये माममला पंजाब से चोरी हुई गाड़ियों और साइबर फ्रॉड का है, जिसके तहत शनिवार को पुन्हाना और तावडू क्राइम ब्रांच की टीमें इंदाना गांव में कार चोरी के आरोपियों को दबोचने गईं थी। आरोप यह है कि पुलिस पर फायरिंग के बाद आरोपी आज़ाद मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी पिस्टल वहीं गिर गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।



आरोप यह भी है कि आज़ाद ने शोर मचाकर ग्रामीण लोगों को उकसाया। इसके बाद जमा हुई भारी भीड़ ने वालों को उकसाया। देखते ही देखते दर्जनों महिलाएं और पुरुष इकट्ठा हो गए और पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, घटना के दौरान फायरिंग भी हुई, जिसके बाद पुन्हाना, बिछौर, पिनगवां व अन्य थानों से भारी फोर्स पहुंची और इस मामले में 3 महिलाओं समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिछौर थाना प्रभारी जसवीर ने बताया कि पुलिस पूरी घटना पर एक्शन ले रही है और केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तेजस्वी ने नीतीश की हालिया घोषणाओं पर उठाए सवाल

### कहा-सरकार बताए कहां से आएगी इनके लिए राशि

पटना **(एजेंसी)**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार की बजट तथा हालिया घोषणाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए रविवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता को "गुमराह" कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव ने राजद कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, "पिछले कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुल मिलाकर 7.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक की घोषणाएं कर चुके हैं, जबकि राज्य की वित्तीय स्थिति इतनी बड़ी योजनाओं को संभालने में सक्षम नहीं है।"

उन्होंने दावा किया, "बिहार का कुल बजट लगभग 3.16 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से करीब दो लाख करोड़ रुपये वेतन, पेंशन और ब्याज जैसे प्रतिबद्ध मद में ही खर्च हो जाते हैं। इससे सरकार के पास योजनाओं और विकास कार्यों के लिए केवल लगभग 1.16 लाख करोड़ रुपये बचते हैं। ऐसे में ये घोषणाएं केवल जनता को भ्रमित करने और चुनावी माहौल बनाने का तरीका हैं।"

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया, "आखिर राज्य का राजस्व कैसे बढ़ेगा, राशि कहां से आएगी और घोषणाएं धरातल पर कब पूरी होंगी।" तेजस्वी ने महिलाओं को 10 हजार रुपये की राशि देने की राज्य सरकार की योजना पर भी सवाल उठाया। उन्होंने तंज कसा कि नीतीश कुमार "एक रुपया देकर बिहार का वर्तमान और भविष्य खरीदना चाहते हैं, लेकिन इस बार जनता उन्हें हटाएगी भी और हराएगी भी।" भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए यादव ने आरोप लगाया, "राज्य में इंजीनियरों के यहां से करोड़ों रुपये बरामद होते हैं, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती क्योंकि यह राशि ऊपर तक पहुंचती है।"



उन्होंने कहा, "उन्हें (मुख्यमंत्री को) जनता और विपक्ष के सवालों का जवाब देना चाहिए।" नीतीश कुमार पर सीधे तौर पर निशाना साधते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, "पहले हम उन्हें 'भीष्म पितामह' मानते थे, लेकिन अब वह भ्रष्टाचार के 'धृतराष्ट्र' बन चुके हैं।

## सीएम का सख्त संदेश : 'गजवा-ए-हिंद के सपने देखने वालों का होगा छांगुर बाबा जैसा अंजाम'

### बरेली में उपद्रव करने वालों की खैर नहीं!

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जो लोग देश विरोधी या अराजकता फैलाने की कोशिश करेंगे, उनका अंजाम बुरा होगा। उन्होंने यह टिप्पणी बलरामपुर में एक जनसभा के दौरान की, जहां उन्होंने हाल की घटनाओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर सख्त रुख अपनाने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि जिन लोगों का काम विकास में बाधा डालना है, उनके लिए विकास विनाश बन जाएगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों से पहले उपद्रव करने वाले लोगों को आने वाली पीढ़ियां नहीं भूलेंगी। योगी आदित्यनाथ ने कुछ लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 'गजवा-ए-हिंद' जैसा सपना देखते हैं ऐसे लोगों का अंत छांगुर बाबा जैसा होगा। उनका कहना था कि अब वह जमाना नहीं रहा जब कुछ राजनीतिक दलों के शासन में अराजकता स्वीकार्य थी; अब दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था को प्रदर्शन का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। कुछ लोगों पर आरोप लगाया कि वे बच्चों के हाथों में विवादित पोस्टर या तख्तियां थमा देते हैं, जिससे ना केवल समाज में तनाव बढ़ता है बल्कि उन बच्चों की जिंदगी भी प्रभावित होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी संवेदनाएं गरीब, नौजवान, किसानों, बेटियों और व्यापारियों के प्रति हैं, लेकिन शांति भंग करने वालों के प्रति वह सख्त होंगे।



मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि लव-जिहाद, धर्मांतरण और गो-तस्करी जैसी गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें। यदि किसी को ऐसी गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन कहना चाहता है कि ऐसे मामलों को वह गंभीरता से लेगा और जरूरी कार्रवाई व सहायता उपलब्ध कराएगा।

योगी आदित्यनाथ ने चेतावनी दी कि जो कोई भी कानून हाथ में लेगा, राहगीरों पर हमला करेगा, बेटियों की सुरक्षा भंग करेगा या व्यापारिक संपत्ति में आग लगाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जो भी दुस्साहस करेगा, उसे 'वैसा ही परिणाम झेलना होगा, जैसा बरेली में हुए लोगों को झेलना पड़ा', यानी शख्स को कड़ी सजा/सजा की तर्ज पर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संदेश साफ था- त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों के समय शांति और सार्वजनिक व्यवस्था को किसी भी हालत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। प्रशासन और पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे किसी भी प्रयास को पूरी तरह रुकने ना दें और दोषियों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई करें।

## छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण हंगामा! छिपकर हो रही प्रार्थना सभा पर बवाल, बजरंग दल ने किया पर्दाफाश, इलाके में तनाव

कोरबा **(एजेंसी)**। राज्य में धर्मांतरण का मुद्दा थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला कोरबा जिले के ग्राम पंचायत तिलकेजा के कलमीभाठा गांव से सामने आया है। यहां एक मकान में गुपचुप तरीके से प्रेयर का आयोजन किया जा रहा था। इसकी भनक लगते ही ग्रामीणों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने आयोजन का विरोध किया और इसे धर्मांतरण का प्रयास करार दिया। विरोध की जानकारी मिलते ही उरगा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मकान मालिक को पहले भी इस तरह के आयोजनों को लेकर कई बार पुलिस ने समझाइश दी थी। इतना ही नहीं, पुलिस की ओर से नोटिस भी जारी किया गया था कि बिना कलेक्टर की अनुमति प्रार्थना सभा आयोजित न की जाए। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि मकान मालिक को पहले भी चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद बिना अनुमति प्रेयर आयोजन किया गया। इस मामले में अब धारा 188 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, अब तक किसी भी पक्ष की ओर से औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।



## प्रदेश के 75 जिलों में 9 से 16 अक्टूबर तक होंगे ट्रेड शो, उद्यमियों को मिलेंगे मुफ्त स्टॉल : मंत्री राकेश सचान

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ा आयोजन करने जा रही है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने रविवार को जानकारी दी कि 9 से 16 अक्टूबर तक राज्य के सभी 75 जिलों में आठ दिवसीय ट्रेड शो आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रेड शोज़ का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और उद्यमियों को एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है। मंत्री ने कहा कि इन आयोजनों में उद्यमियों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार और विपणन बेहतर ढंग से कर सकें।

ग्रेटर नोएडा में चल रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे दिन 'खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस दौरान मंत्री राकेश सचान ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद यह पहला बड़ा कदम है जिसने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर को नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने बताया कि पहले ये कार्यक्रम सिर्फ मंडल स्तर तक सीमित रहते थे, लेकिन इंटरनेशनल ट्रेड शो की सफलता को देखते हुए अब सरकार ने इसे जिला स्तर तक ले जाने का फैसला किया है। सेमिनार में बताया गया कि इन कार्यक्रमों में खादी, टेक्सटाइल सहित सभी प्रमुख सेक्टर के उद्यमी हिस्सा लेंगे। जिलों में आयोजन के लिए जिलाधिकारियों को उपयुक्त स्थल तय करने के निर्देश भी दे दिए गए हैं।

## मां पाटेश्वरी मंदिर पहुंचे सीएम योगी
# बच्चों को दी चॉकलेट, किया गोसेवा; मंदिर और मेला तैयारियों पर जताई संतुष्टि

लखनऊ **(एजेंसी)**। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार, 27 सितंबर को बलरामपुर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने यहां तुलसीपुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में रात्रि विश्राम किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर और नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अगले दिन, रविवार 28 सितंबर को मुख्यमंत्री ने मां पाटेश्वरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती की। उन्होंने राज्यवासियों के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर दर्शन के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाकर गोसेवा की। इस दौरान वे श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे और बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम जानी। मुख्यमंत्री ने बच्चों से भी मुलाकात की, उन्हें चॉकलेट दी और पढ़ाई में मन लगाने की प्रेरणा दी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धुधुलपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया, जहां उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने करीब 826 करोड़ रुपये की 124 परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया।

इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने एक जनसभा को भी संबोधित किया, जहां उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और विकास योजनाओं की जानकारी साझा की। जनसभा में स्थानीय जनता की भारी उपस्थिति रही।इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी और कालीबाड़ी मंदिर गोरखपुर के महंत रवींद्र दास सहित कई संत-महात्मा भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्टी ने वोट चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चरवा चौराहा पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

कौशाम्बी। जिले में कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के निर्देश पर वोट चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, के नेतृत्व में चरवा चौराहा पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

ज्ञात हो कि इस दौरान जिला महासचिव सुरेंद्र शुक्ला ने कहा कि सरकार गलत तरीके से और लोगों की वोट चोरी कर सत्ता हासिल करती है। इसके बाद सोशल मीडिया अध्यक्ष सचिन पाण्डेय ने कहा कि वोट की चोरी को अब नहीं चलेगी देश की जनता जान चुकी है कि बीजेपी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है, नगर अध्यक्ष निक्की पांडेय ने कहा कि वोट चोरी से जो सरकार बनी है, ज़्यादा दिन चल नहीं सकती बिहार चुनाव बाद सरकार गिर जाएगी।

इस दौरान गुलज़ारी केशरवानी, विक्की तिवारी, रवि पाण्डेय, प्रदीप गौतम, प्रवेश तिवारी, समर सरोज, राजू केशरवानी, नन्द लाल केशरवानी, दीपू, छोटू, संजीत कुमार, अमन पाण्डेय, राकेश पाल, संजीव, लाल चंद्र, दिलीप गौतम, सुरेंद्र सरोज, राजू कुशवाहा, सूरज पाण्डेय, विनय यादव आदि मौजूद रहे।

## 25 हजार के इनामिया बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड़ बदमाश के पैर में लगी गोली

कौशाम्बी। जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे अरेस्ट कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

ज्ञात हो कि घायल बदमाश की पहचान किशन पासी निवासी मंदरी, थाना पुरामुफ़्ती (प्रयागराज) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक किशन पासी का आपराधिक इतिहास रहा है। कुछ माह पहले थाना करारी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में इसका साथी रवि भारतीया पुलिस के हत्थे चढ़ा था, लेकिन किशन पासी मौके से फरार हो गया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश में थी। कौशाम्बी एसपी राजेश कुमार ने किशन पासी पर ?25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। आखिरकार शनिवार को पिपरी पुलिस की सक्रियता से यह बदमाश दबोच लिया गया।फिलहाल पुलिस घायल बदमाश से पूछताछ कर रही है और उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

## 'आई लव मोहम्मद' विवाद में अब कूदी कांग्रेस, लखनऊ में लगाए 'आई वन कांग्रेस' पोस्टर; बढ़ा सियासी तापमान

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के कानपुर से शुरू हुए 'आई लव मोहम्मद' विवाद की आग अब देश के कई राज्यों में फैल चुकी है। इसी बहस के बीच अब कांग्रेस ने भी राजनीतिक दखल दे दिया है। लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर 'आई लव मोहम्मद' लिखे होर्डिंग्स लगाए गए हैं, जिनमें राहुल गांधी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की तस्वीरें नजर आ रही हैं। कांग्रेस नेता अब्दुल्ला शेरखान द्वारा लगाए गए इन पोस्टरों को सीधे तौर पर 'आई लव मोहम्मद' अभियान के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं से जुड़े कई ट्रेंड्स वायरल हो रहे हैं।

दरअसल, 'आई लव मोहम्मद' का ट्रेंड तब शुरू हुआ जब कानपुर के रावतपुर इलाके में बारावफात के मौके पर एक जुलूस के दौरान 'आई लव मोहम्मद' लिखा एक लाइट बोर्ड लगाया गया। ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर लगाए गए इस बोर्ड को लेकर विवाद खड़ा हो गया। इसके बाद आई लव महादेव, आई लव राम और आई लव महाकाल जैसे जवाबी ट्रेंड सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने लगे। हिंदू संगठनों ने इसे 'नई परंपरा' कहकर विरोध जताया और आरोप लगाया कि ऐसे बैनर लगाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। वहीं मुस्लिम समुदाय का कहना है कि 'घ थ्दन मोहम्मद' उनके धार्मिक विश्वास का प्रतीक है और इसमें कोई आपत्तिजनक बात नहीं है।

कानपुर से शुरू हुए इस विवाद की लपटें अब महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना और गुजरात तक पहुंच गई हैं। कई जगहों पर घ थ्दन मोहम्मद के समर्थन और विरोध में प्रदर्शन हुए। उन्नाव में तो नारेबाजी भी हुई जिसमें विवादास्पद नारे लगाए गए। इन सबके बीच कांग्रेस की एंट्री ने इस पूरे घटनाक्रम को नया राजनीतिक मोड़ दे दिया है। 'आई वन कांग्रेस' के नारे के साथ कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह संविधान और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की पक्षधर है।




## प्रेमी-प्रेमिका की मंदिर में ग्रामीणों ने कराई शादी, लम्बे समय से चल रहा था प्रेम प्रसंग, वीडियो वायरल

**मंत्र भारत संवाददाता**

गोंडा। जिले के खम्हरिया बाजार स्थित रामजानकी मंदिर में शनिवार देर शाम प्रेम प्रसंग का सुखद अंत हुआ। परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी-प्रेमिका का विवाह संपन्न कराया गया। शादी के दौरान ग्रामीणों ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया।

ग्राम पंचायत बैजपुर निवासी सोनू मौर्या (20), जो खम्हरिया बाजार में चाय की दुकान चलाता है, का प्रेम प्रसंग पास ही रहने वाली निशा मौर्या (19) से चल रहा था। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे से फोन पर बातचीत कर रहे थे।शनिवार को युवती के परिजन उसे प्रेमी से मोबाइल पर बात करते हुए पकड़ बैठे। इसके बाद उन्होंने युवक के परिजनों से बातचीत की और आपसी सहमति से विवाह का निर्णय लिया।

ग्रामीणों और परिजनों की मौजूदगी में दोनों को रामजानकी मंदिर लाया गया। मंदिर प्रांगण में परंपरागत तरीके से शादी कराई गई। इस दौरान जयमाला और सिंदूरदान की रस्में पूरी की गईं।

शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। इसमें दोनों को मंदिर के बाहर जयमाला पहनाते और प्रेमी को प्रेमिका की मांग में सिंदूर भरते देखा जा सकता है। बैजपुर के पूर्व प्रधान ओंकार गुप्ता ने पुष्टि की कि दोनों का प्रेम प्रसंग पहले से चल रहा था। परिजनों ने सामाजिक सहमति से विवाह संपन्न कराकर संभावित विवाद को समाप्त कर दिया।



## पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर काली फिल्म लगाये चार पहिया वाहनों व जाति लिखे वाहनों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में रविवार को समस्त क्षेत्राधिकारी गणों के नितृत्व में जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना तथा संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना था।

ज्ञात हो कि निरीक्षण और चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की विस्तृत जांच की गई। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक दस्तावेज, वाहनों की कानूनी स्थिति और संदिग्ध वस्तुओं की पड़ताल की गई। साथ ही शीशों में काली फिल्म लगाये चार पहिया वाहनो एवं जाति लिखे हुये वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी।

## अवधेश को हराकर टेंवा के राजेश बने दंगल चैंपियन

कौशाम्बी। सैनी के कृषि मैदान में शनिवार को दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य मुकाबले में टेंवा के राजेश पहलवान ने अवधेश की मात देकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं बनारस के आकाश पहलवान और राजेश के बीच हुए मुकाबले में भी राजेश विजयी रहे। गाजियाबाद के अंशु के खिलाफ हरियाणा के सोनू ने जीत दर्ज की, जबकि पश्चिमशरीरा के कान्हा ने बांदा के आकाश को हराया। ज्ञात हो कि महिला वर्ग में गाजियाबाद की सरकार वी और कानपुर की संतोषी देवी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें संतोषी देवी विजयी रहीं। इस मौके पर पूर्व जिपं सदस्य अश्वनी सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभा निखारते हैं। वहीं बसपा नेता राजू गौतम ने पहलवानों का उत्साह बढ़ाते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## विजय कुमार यादव कोऑर्डिनेटर नियुक्त

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। नई दिल्ली स्थित इफको मुख्यालय में आयोजित अखिल भारतीय इफको कर्मचारी यूनियन की बैठक में इफको कर्मचारी यूनियन, फूलपुर के महामंत्री विजय कुमार यादव को अखिल भारतीय इफको कर्मचारी यूनियन का कोऑर्डिनेटर चुना गया।

इस उपलब्धि के उपरांत जब यादव का इफको फूलपुर आगमन हुआ तो यूनियन कार्यालय में उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर इफको फूलपुर परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इफको इंप्लायी यूनियन फूलपुर के अध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया की यह गौरवमयी पद लंबे समय बाद दूसरी बार इफको फूलपुर इकाई को प्राप्त हुआ है, जिससे पूरे परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।



# किसान सम्मान निधि की किस्त और योजनाओं का लाभ पाने के लिये कराना होगा फार्मर रजिस्ट्री

## 30 सितंबर से 30 नवम्बर तक चलेगा पंजीकरण अभियान
## हर ब्लाक,तहसील, ग्राम पंचायत में लगेगा विशेष कैंप

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 21वीं किस्त और कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अब फार्मर रजिस्ट्री (किसान पंजीकरण) अनिवार्य कर दिया गया है। यह कदम सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और बिना किसी रुकावट के पात्र किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

विशेष पंजीकरण अभियान ,किसानों की सुविधा के लिए, जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह पंजीकरण कैंप/डोर टू डोर सर्वे 30 सितंबर से 30 नवम्बर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। ये कैंप जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगाए जाएंगे और इनका समय सुबह 09 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। कैम्प/डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से सम्बंधित कार्मिक ग्राम पंचायत वार फार्मर रजिस्ट्री रजिस्टर तैयार करेंगे और उस गांव के समस्त खतौनी धारक कृषको का विवरण दर्ज करते हुए उनका फार्मर रजिस्ट्री करायेगे। इसका व्यापक प्रचार प्रसार जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान के माध्यम से डुग्गी मुनादी कराते हुए किया जायेगा।

आवश्यक दस्तावेज :इन कैंपों/डोर टू डोर सर्वे में पंजीकरण के लिए किसानों को निम्नलिखित दस्तावेज अपने साथ लाना अनिवार्य है:आधार कार्ड,मोबाइल फोन,अपनी खतौनी

कैम्प/डोर टू डोर सर्वे में प्रतिभाग करने वाले कार्मिक लेखपाल, कृषि विभाग के तकनिकी सहायक, पंचायत सहायक, ग्राम विकास अधिकारी, जन सेवा केंद्र कर्मी, कोटेदार फार्मर रजिस्ट्री हेतु कण्ट्रोल रूम-जनपद स्तर पर, समस्त तहसील व ब्लाक स्तर पर स्थापित किया जायेगा कण्ट्रोल रूम और कार्य की दैनिक मानिटरिंग की जाएगी।

जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा0, तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी, ब्लाक स्तर पर खंड विकास अधिकारी नोडल नामित किये गए हैं। इनके द्वारा डोर टू डोर सर्वे कार्य की दैनिक मानिटरिंग करते हुए कार्य को समय से शत प्रतिशत पूर्ण कराया जायेगा।

जिलाधिकारी की अपील :जिलाधिकारी ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए सभी किसानों से अपील किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपना पंजीकरण समय पर करा लें। उन्होंने विशेष रूप से गरीब और असहाय किसानों से आग्रह किया है कि वे इन कैंपों में जाकर अपनी रजिस्ट्री कराएं। इसके साथ ही, उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को इन कैंपों तक पहुंचने में मदद करें ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी लाभ से वंचित न रह जाए। फार्मर रजिस्ट्री से भविष्य में न केवल किस्तें समय पर मिलेंगी, बल्कि किसान कृषि विभाग की अन्य लाभकारी योजनाओं का भी सुचारू रूप से लाभ उठा सकेंगे।

## दो बाइक की आमने सामने की टक्कर मे दो घायल, एक की मौत

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। गोपोगंज थाना क्षेत्र के सुजातपुर मे शुक्रवार की शाम को दो बाइक की आमने सामने की टक्कर मे दो किशोर घायल एक और युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बेरासपुर निवासी ओम निषाद (17) और कमलेश निषाद (16) पेट्रोल पंप से डीज़ल लेकर बाइक से बेरासपुर जा रहे थे। इसी बीच केदारपुर निवासी धीरज गौतम (26) अपने पिता हीरालाल के साथ बाइक से कौलापुर के तरफ जा रहे थे। दोनों मोटर साइकिल मे जोरदार भिड़ंत हो गई। जहां पर दोनों मोटर साइकिल सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सीएचसी गोपीगंज भेजवाया, जहां से उनको निहॉस्पिटल मे ईलाज के लिए भेज दिया। ईलाज के दौरान केदारपुर निवासी धीरज की मौत हो गई। धीरज के मौत के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। धीरज मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था, धीरज को दो लड़कियां है। धीरज का पिता हीरालाल ढ़ोल बजाते है। वह चार भाइयों मे दूसरे नबर पर था। धीरज के मौत के बाद गांव मे कोहराम मच गया है।



## पुलिस ने गायब बच्चों को चार घंटे के अंदर बरामद कर परिजनों को सौंपा

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी के कुशल पर्यवेक्षण में मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक थाना शिवनगर डिड़ई के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस को 112 द्वारा 03 बच्चों की गायब होने की सूचना पर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए काफी खोजबीन और तलाश किया गया तथा पुलिस के अथक प्रयास से 4 घण्टे के अन्दर तीनो बच्चो को 01.प्रतिमा तिवारी 02.आयुष तिवारी 03. आर्यन तिवारी पुत्रगण शिवानन्द तिवारी निवासी कोटिया गड़ौरी को बरामद कर उनके माता श्रीमती शशि तिवारी पत्नी शिवानन्द तिवारी को सुपुर्द किया गया । परिजनों द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गई और धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# गालापुर वटवासिनी मंदिर में देवी जागरण व भव्य झांकी से भक्त हुए भाव विभोर

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां वटवासिनी गालापुर महाकाली मंदिर में दीपोत्सव, देवी जागरण और फलाहार कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। श्रद्धा-भक्ति और हर्षोल्लास से सम्पन्न इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सदर विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, एसडीएम राजेश कुमार, ठाकुर प्रसाद मिश्रा व दीपेंद्र विक्रम सिंह व विनोद बाबा ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।मां की पूजन व गणेश वंदना के साथ जागरण का शुभारंभ हुआ। भजन गायकों श्रवण सुल्तानपुरी, अंशिका लहरी, विजय सोनकर, अमरमणि दुबे व राजन पाण्डेय रत्न ने देवी भजनों की प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय बना दिया। श्रवण सुल्तानपुरी ने हे वटवासिनी मैया तोहर जय जयकार बाष्ठ, जय जय बंजरग बलीष्ठ, बम बम बोल रहा है काशीष्ठ जैसे गीतों से श्रोताओं को झुमाया। अंशिका लहरी ने दिल भीतरिया मईया होष्ठ और मां दुर्गा भवानीष्ठ जैसे भजनों से समां बांधा। विजय सोनकर ने तूने मुझे बुलाया शेरावालिएष्ठ प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। भजनों और नृत्य-झांकियों के बीच श्रद्धालु देर रात तक थिरकते रहे और जयकारे लगाते नजर आए। राहुल झमाझम ग्रुप लखनऊ के कलाकारों ने महिषासुर वध, मां शेरावाली, भगवान शंकर-पार्वती, गणेश जी, मां काली, हनुमान जी के रुद्र रूप, राधा-कृष्ण का मयूर नृत्य और श्रीराम दरबार की भव्य झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



वाद्ययंत्रों पर अभय पाण्डेय (तबला) और विवेक पंडित (कीबोर्ड) ने कार्यक्रम को और रोचक बना दिया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व माता की चुनरी भेंटकर सम्मानित किया और बताया कि धार्मिक कार्यक्रमों से धर्म के प्रति उत्सुकता और लोगों का मनोबल बढ़ता है। देवी उपासना से शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने आयोजन समिति धर्म रक्षा मंच के सभी पदाधिकारियों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

रातभर चले भंडारा कार्यक्रम में उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार और अन्य भक्तों के लिए छोला-चावल की व्यवस्था की गई। प्रसाद वितरण में भक्तों ने भारी संख्या में सम्मलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लवकुश ओझा, डा. दशरथ चौधरी, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, राजन अग्रहरि, शत्रुहन सोनी, शिवकुमार दुबे, बब्बू पाठक, रघुनंदन पाण्डेय, नीरजमणि त्रिपाठी, रमेशधर द्विवेदी, अमरेन्द्र त्रिपाठी, विष्णु श्रीवास्तव, अजय अग्रहरि, प्रेम पाण्डेय, धर्मेश पाण्डेय, हरीश पाण्डेय, डम्पू पाण्डेय, शत्रुघ्न मिश्रा, गुड्डू तिवारी, अभिषेक युवराज आदि मौजूद रहें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सांस्कृतिक भारत का वैचारिक दर्शन : महापौर गणेश केसरवानी

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 126 वीं मन की बात का आयोजन महापौर कैंप कार्यालय कीडगंज में आयोजित किया गया इस अवसर पर मां और गणेश केसरवानी ले कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात में देशवासियों को दिया गया संबोधन वास्तव में राष्ट्र की एकात्मता और सांस्कृतिक भारत की वैचारिक दर्शन का प्रेरणा प्रतीक है जो जन-जन को भारत के विचारों का दर्शन करा रही है।

इस अवसर भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी मुट्ठीगंज कार्यालय में प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना और बताया कि आज के मन की बात के 126 वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में क्रांतिकारी भगत सिंह, वीर सावरकर एवं स्वर कोकिला लता मंगेशकर की राष्ट्र के प्रति उनकी भावना का जिक्र किया इसके अलावा आगामी आने वाले पर्व दुर्गा पूजा विजयदशमी दीपावली छठ पूजा महर्षि वाल्मीकि जयंती, गांधी जयंती का जिक्र करते हुए कहा कि भारत का त्योहार भारत को जोड़ता है और पर्वों के माध्यम से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत को बनाने के लिए संदेश दिया और नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए सागर की परिक्रमा करने वाली नौसेना की देश की बेटियों का अनुभव साझा किया। कार्यक्रम की संयोजक पार्षद मुकेश लारा रहे।

इस अवसर पर राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, टी एन दीक्षित, गिरजेश मिश्रा, विवेक मिश्रा, श्रीकांत केसरवानी, हिमालय सोनकर, उमेश केसरवानी, रत्नेश मिश्रा, भारत यादव, पार्षद रुद्रसेन जायसवाल, सुनील केसरवानी अजय अग्रहरि, दीपक केसरवानी, सुशील जैन, कमलेश केसरवानी नीरज केसरवानी एवं भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।




# स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर सपा की तैयारी युद्ध स्तर पर

## अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने बैठक कर मतदाता बनाने पर दिया जोर

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। इलाहाबाद -झाँसी स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा ने अपनी जीत को भारी बढ़त के साथ कायम रखने के लिये हर स्तर पर तैयारी तेज कर दी है।समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने आज पार्टी के जार्जटाउन स्थित कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता फार्म भरे जाने की समीक्षा की। जिला पंचायत अध्यक्ष की पूर्व प्रत्याशी श्रीमती मालती यादव, वरिष्ठ नेता राम मिलन यादव ने जिला पंचायत सदस्यों की बैठक कर अधिक से अधिक फार्म भरे जाने पर जोर दिया।

इस चुनाव के प्रथम चरण में मतदाता बनाये जाने के लिये मतदाता फार्म भरने- भराने के लिये मुख्य संगठन जहाँ बूथ स्तर पर सघन अभियान चला रहा है वहीं सभी फ्रंटल संगठनों को भी इस कार्य में अलग अलग टारगेट दिए गए हैं। इस हफ्ते लगातार बैठके हुई जिसमें लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड, मजदूर सभा के प्रदेश पदाधिकारियों ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य पूरे करने के निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए।




बैठक में प्रमुख रूप से अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, सुशील यादव एडवोकेट, रेहान अहमद, रविन्द्र यादव, वकार अहमद, निरेन्द्र सिंह यादव, योगेश पाल, कमलेश रतन, लल्लन सिंह पटेल, रुपनाथ यादव एडवोकेट, श्रीमती मालती यादव, राम मिलन, संजीव यादव एडवोकेट, इब्ने अहमद, सुषमा यादव, आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव, प्रवीण यादव, बृजेश यादव, अल्पना यादव एडवोकेट, रंगबहादुर यादव, नेपाल सिंह, कमरुल अहमद, सुशील सोनकर, आशीष पाल, हेमंत यादव, आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# अमर क्रांतिकारी भगत सिंह की मनाई गई 118 वीं जन्म जयंती और दी गई श्रद्धांजलि

## भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के इंकलाब थे : राजेश केसरवानी

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के द्वारा अमर क्रांतिकारी भगत सिंह की 118 वीं जन्म जयंती आर्य नगर मुट्ठीगंज दुर्गा पूजा पंडाल में मनाई गई और संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि मां भारती के अमर सपूत भगत सिंह की जीवन यात्रा पर दर्शन डाला और कहा की भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के स्वयं में इंकलाब थे जिनके बलिदान ने देश की आजादी का नव प्रभात लिखा था और उन्होंने बलिदान होने से पूर्व देश की आजादी का अंजाम लिख दिया था जो आज भी देश के नौजवानों के लिए प्रेरणा स्रोत है। इसके पूर्व भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के संयोजक शत्रुघ्न जायसवाल रहे।



संचालन अजय अग्रहरि ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में एडवोकेट सुशील जैन, राजेश शर्मा, कमलेश केशरवानी, निखिल जायसवाल, पद्माकर श्रीवास्तव, मधुर माथुर गौतम जायसवाल, मुकेश जायसवाल राजा मेहरोत्रा सुनील जायसवाल राकेश जयसवाल सुनील दुबे, दिनेश चंद जायसवाल रविंद्र कुमार जायसवाल, अनूप जायसवाल, किशनचंद्र जायसवाल, अजय जायसवाल, अशोक चौरसिया आदि रहे।

# जेई ने उपभोक्ता से की अभद्रता, फर्जी मुकदमे में फंसाने की दी धमकी

**मंत्र भारत संवाददाता**

थरवई। क्षेत्र के माधवपुर गांव निवासी विद्युत उपभोक्ता अतुल कुमार शुक्ला ने गांव में लगे 16 केवीए के ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक कनेक्शन होने से बार-बार ट्रांसफार्मर जलने की समस्या उठाई। इस संबंध में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर ट्रांसफार्मर का भार बढ़ाए जाने की मांग की।आरोप है कि इसी बात से नाराज थरवई सब स्टेशन पर तैनात अवर अभियंता (जेई) ने उपभोक्ता के साथ अभद्रता की। शिकायतकर्ता का कहना है कि जेई ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी।पीड़ित उपभोक्ता ने इस घटना की लिखित शिकायत शनिवार को थरवई पुलिस को दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थरवई संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।




# भाजपा का आत्मनिर्भर भारत अभियान मंडल कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

## आत्मनिर्भर भारत के हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान को सफल बनाना है : भाजपा

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। भाजपा मुट्ठीगंज मंडल के द्वारा आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान मंडल कार्यशाला का शुभारंभ किया इस अवसर कार्यशाला के मुख्य वक्ता अनिल केसरवानी एवं प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए हमें हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान को जन-जन का आंदोलन बनाना है तभी हम भारत को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। इस अवसर मंडल अध्यक्ष परमानंद वर्मा एवं अभियान संयोजक विश्वास श्रीवास्तव ने आत्म निर्भर भारत के सभी कारणीय कार्यों को जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष परमानंद वर्मा ने किया।

संचालन सुधांशु त्रिपाठी, ने किया धन्यवाद अभिषेक जायसवाल, ने किया। इस अवसर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी पार्षद नीरज टंडन, मंजू गुप्ता दीपक केसरवानी, लव कुश केसरवानी, दीपक शर्मा, मालती केसरवानी, मंजू गुप्ता, रिंकू भारती सुशील निषाद, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, रोहित भारती, सुनील कुमार केसरवानी सौरभ चौरसिया जितेंद्र जायसवाल, सुनील केसरवानी प्रतीक मालवीय, वेद प्रकाश, विजय कृष्ण मेहता, आदि रहे।




# सेवा भारती, प्रयाग दक्षिण भाग की ओर से हनुमान वाटिका धूमनगंज में किया 351 शक्ति स्वरूपा कन्याओं का पूजन वंदन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। सेवा भारती, प्रयाग दक्षिण भाग की ओर से रविवार को शारदीय नवरात्रि के अवसर पर हनुमान वाटिका सुलेम सराय धूमनगंज में सामूहिक कन्या वंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में 351 शक्ति स्वरूपा नन्हीं कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। अधिकतर कन्याएं सेवा भारती के विभिन्न केंद्रों से पहुंची। कन्याओं का आदरपूर्वक चरण धोकर, तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। उनकी आरती उतारी गई, पुष्प वर्षा की गई तथा पूजन के साथ ही कन्याओं को आकर्षक भेंट भी दी गई। उपहार स्वरूप उन्हें थाली, कटोरी, चम्मच, गिलास, अंगवस्त्र और दक्षिणा वितरित की गई। कन्या वंदन समारोह में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र कार्यवाह वीरेन्द्र रहे। मुख्य अतिथि अलोपशंकरी मंदिर पंचायती अखाड़ा दारागंज प्रयाग के महंत संत यमुनापुरी महाराज और स्वागताध्यक्ष कायस्थ पाठशाला के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी डॉ सुशील सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के प्रांत सेवा प्रमुख सत्य विजय सिंह और प्रयागराज विभाग के विभाग कार्यवाह डा संजय सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एकल गीत समृद्धि श्रीवास्तव ने कराया। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

आरएसएस के क्षेत्र कार्यवाह वीरेन्द्र ने संघ के सौ वर्षों की यात्रा की चर्चा की। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक आपदाओं के समय चाहे वह कैसी भी परिस्थिति क्यों न रही हो, समाज में आगे की पंक्ति में खड़े रहे हैं। कहा कि हिंदुओं को संगठित करने के लिए और राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना आज से सौ वर्ष पहले वर्ष 1925 में पूज्यनीय हेडगेवार ने की थी। मुख्य अतिथि महंत संत यमुनापुरी महाराज ने सनातन संस्कृति में कन्या पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि सेवा भारती विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य करती है हमारा देश अनादि काल से शक्ति की उपासना करते हुए आया है।

डॉ सुशील सिन्हा ने कहा कि सेवा भारती प्राकृतिक आपदाओं के समय समाज सेवा का कार्य हमेशा से करती रही है। सेवा भारती का कन्या पूजन का कार्यक्रम बेहद सराहनीय है। उन्होंने सेवा भारती प्रयाग दक्षिण भाग के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत सेवा भारती के महामंत्री पवन श्रीवास्तव, विभाग सेवा प्रमुख वीर कृष्ण श्रीवास्तव और प्रभारी शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय पतंजलि मिश्रा ने किया। संचालन सेवा भारती के विभाग के अध्यक्ष सुजीत सिंह ने किया। आभार ज्ञापन सेवा भारती प्रयाग दक्षिण भाग के अध्यक्ष अमित कुमार ने किया। इस मौके पर अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता, मुख्य स्थाई अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह, शीतला प्रसाद गौड़, जे एन मौर्या, विभाग प्रचारक सुबंधु, जिला प्रचारक डा देवदत्त, पूर्व प्रधानाचार्य और सेवा भारती के संरक्षक डा एस पी सिंह, मंत्री डा संतोष कुमार सिंह, भाग सेवा प्रमुख सत्येंद्र तिवारी, सह भाग सेवा प्रमुख देवेश, सुनील कुमार सिंह, नरेंद्र श्रीवास्तव, कृष्ण दत्त मिश्र, संतोष मिश्रा, विजय पांडेय, एच सी मिश्रा, संदीप चौधरी, डा कंचन चौधरी, रविनाथ तिवारी, मानव चौरसिया आदि मौजूद रहे।



# अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर नमन

## स्वतंत्रता केवल बाहरी बंधनों से मुक्त होना ही नहीं, बल्कि अन्याय असमानता और अज्ञान से भी मुक्ति पाना : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज/ऋषिकेश। आज का दिन भारतीय इतिहास और आध्यात्मिक साधना, दोनों ही दृष्टियों से अत्यंत पावन और प्रेरणादायी है। आज अमर शहीद भगत सिंह की जयंती है, जिन्होंने अपने निर्भीक साहस, अद्भुत त्याग और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। भगत सिंह एक क्रांतिकारी तो थे ही साथ ही वे विचारों के योद्धा भी थे। उनकी कलम और उनकी आवाज ने जितना झकझोरा, उतना ही उनके साहसिक कदमों ने ब्रिटिश साम्राज्य को हिला डाला। उनका उद्घोष 'इंकलाब जिंदाबाद' आज भी हमारे रगों में जोश और जागरूकता भरता है। उनकी शहादत हमें यह सिखाती है कि स्वतंत्रता केवल बाहरी बंधनों से मुक्त होना नहीं है, बल्कि अन्याय, असमानता और अज्ञान से भी मुक्ति पाना है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने आज नवरात्रि के छठे माँ कात्यायनी की पूजा अर्चना करते हुये कहा



कि आज के दिन आज्ञा चक्र पर ध्यान केंद्रित कर अपने अन्दर विवेक और आत्मज्ञान की ज्योति को प्रज्वलित करे। माँ कात्यायनी का स्वरूप धर्म की रक्षा और अधर्म के संहार का प्रतीक है। मां के चरणों में ध्यान करने से हमारे भीतर से भ्रम और मोह का अंधकार मिटता है और निर्णय शक्ति प्रखर होती है। माँ का संदेश स्पष्ट है, अन्याय और अधर्म के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्ची भक्ति है।

स्वामी ने कहा कि आज हमें दोनों प्रेरणाओं को एक सूत्र में पिरोना है। भगत सिंह का बलिदान हमें सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और उसके लिए किसी भी प्रकार का त्याग छोटा नहीं है। माँ कात्यायनी का आशीर्वाद हमें यह शक्ति देता है कि हम अपने जीवन में सही और गलत का भेद कर सकें, साहसपूर्वक सत्य का पक्ष लें और अपने कार्यों से समाज में प्रकाश फैलाएँ।

स्वामी ने कहा कि भगत सिंह जैसे महानायक केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर भारतीय के अंतर्मन में जागृति का दीपक जलाने वाले आदर्श हैं। यह समय है कि हम बच्चों के हाथों में पत्थर नहीं, बल्कि पुस्तकें दें, उनके दिलों में नफरत नहीं, बल्कि देशभक्ति और सेवा की भावना बोएँ। यही शहीद भगत सिंह को हमारी ओर से सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

आइए, इस पावन अवसर पर संकल्प लें कि हम अपने जीवन को देश और धर्म की रक्षा हेतु समर्पित करेंगे। आज की परमार्थ गंगा आरती शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें समर्पित की।

# भगत सिंह की 118 वीं जयंती पर प्रयागराज जनपद के जॉर्ज टाऊन स्थित न्यू अपना ब्लड बैंक का हुआ उद्घाटन

## 70 यूनिट हुई केंद्र में जमा, 24 घंटे होगी रक्त आपूर्ति

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। शहीद भगत सिंह की 118 वीं जयंती पर जॉर्ज टाऊन स्थित न्यू अपना ब्लड बैंक का उदघाटन हुआ। मीडिया से रूबरू होते हुए संचालक प्रसिद्ध सर्जन डॉ सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि जेडी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा अन्दावा स्थित अपना ब्लड बैंक से अब तक 10000 मरीजों की मदद की जा चुकी है और लगातार बढ़ते मरीजों को देखते हुए आज शहीद भगत सिंह जयंती के मौके पर मेडिकल कॉलेज के पास जॉर्ज टाऊन क्षेत्र में न्यू अपना ब्लड सेंटर का उद्घाटन किया गया। मोती लाल नेहरू हॉस्पिटल के सह प्राचार्य प्रसिद्ध सर्जन डॉ संतोष सिंह ने बताया कि आज से न्यू अपना चैरिटेबल ब्लड सेंटर समाज को समर्पित है। रक्तकेंद्र 24 घंटे प्रतिदिन सेवा में उपलब्ध रहेगा। सरकारी नियमों के अनुसार प्रति यूनिट शुल्क क्रमशः पैक्ड रेड ब्लड सेल 1450, प्लाज्मा 400, प्लेटलेट्स 400 रूपये में दी जाएंगी। और थैलेसीमिया, सिक सेल एनीमिया जैसी निरन्तर रक्त जरूरत पड़ने वाली जटिल बीमारियों के लिए निःशुल्क रक्त मुहैया कराया जाएगा।




राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष एवं प्रबंधक अपना ब्लड बैंक निखिल श्रीवास्तव और प्रबंधक वीरेंद्र सिंह द्वारा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रक्तदान शिविर की शुरुआत की गई..!!

सर्वप्रथम प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ सुनील विश्वकर्मा और मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सह प्राचार्य डॉ संतोष सिंह ने रक्तदान किया और फिर रक्तवीरों के हुजूम ने एक एक करके रक्तदान कर लोगों की जान बचाने का प्रण लिया..!! सभी रक्तवीरों को सर्टिफिकेट, टीशर्ट, मग देकर सम्मानित किया गया..!!

# वृक्षारोपण अभियान सम्पन्न

प्रयागराज। क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति द्वारा इस मानसून सत्र का 14वाँ वृक्षारोपण अभियान भवानी बालिका इंटर कालेज, बल्लूपुर, देहरादून में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 50 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया। लगाए गए वृक्षों में नीम, पिलखन, अर्जुन, सिल्वर ओक, कनेर, बॉटल ब्रश, इत्यादि के वृक्ष शामिल किए गए।

समिति द्वारा इस वर्ष अभी तक 2300 से अधिक वृक्षों का रोपण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। भवानी बालिका इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल ने समिति से अपने स्कूल के खाली पड़े मैदान ने वृक्षारोपण किए जाने हेतु समिति से आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए समिति ने यहां वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया।



बीते माह में उत्तराखंड और देहरादून में अत्यधिक वर्षा के कारण प्रकृति को बहुत नुकसान पहुंचा है जिसकी भरपाई समिति क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट द्वारा वृक्षों को लगाकर किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन द्वारा समिति के प्रयासों की सराहना की गई और लगाए गए वृक्षों की देखरेख करने का वायदा किया गया।

इस वृक्षारोपण अभियान में समिति के अध्यक्ष राम कपूर, उपाध्यक्ष रणदीप अहलूवालिया, सचिव जे पी किमोठी, कोषाध्यक्ष शंभू शुक्ला, मनोज श्रीवास्तव, दीपक सिंह, अमरनाथ कुमार, राजेश बाली, सोनिया सिंह तथा पीयूष निगम प्रकाश गोदियाल, उपस्थित रहे।

## शिक्षा से ही समाज का विकास : डॉ उदय प्रताप सिंह

# शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में ब्रिटेन में अवार्ड प्राप्त करने पर डॉक्टर उदय प्रताप सिंह का किया सम्मान

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा हर्षवर्धन नगर मीरापुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर समिति के महामंत्री अभिषेक ठाकुर एवं उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी के द्वारा शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में ब्रिटेन से पुरस्कृत ठाकुर हरनारायण सिंह ग्रुप आफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर उदय प्रताप सिंह का प्रयागराज आगमन पर स्वागत करते एवं सम्मानित किया गया।

इस अवसर डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा से समाज का पूर्ण विकास संभव है इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में भारत को अग्रणी करने के लिए देश के हर बच्चों को शिक्षा प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि समाज के अंदर कमजोर वर्ग के लोग अपने बच्चों को पैसों को दिक्कत के कारण उच्च स्तरीय शिक्षा नहीं दे पा रहे हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि हम ऐसे बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान कर सके और सही मायने स्वयं में यही एक सच्चा अवार्ड होगा।

इस अवसर समिति के महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने कहा कि डॉक्टर उदय प्रताप सिंह को ब्रिटेन से अवार्ड प्राप्त होने पर प्रयागराज का गौरव बढ़ा है जो गर्व की बात है। इस अवसर पर निखिल पांडे, कमल शुक्ला, यीशु अग्रहरि, आकाश गुप्ता, बबलू जितेन सिंह, निवेश मित्तल, रजत सोनकर, सौरभ यादव, सत्यम केसरवानी, आदि समिति के कार्यकर्ता रहे।



# महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा जनपद में मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन कर किया गया महिलाओं/बालिकाओं को समर्पित में बालिकाओं को किया गया जागरूक

## उद्घाटन कार्यक्रम में अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही, शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही एवं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर व औराई रहे मौजूद

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं /बालिकाओं के सुरक्षा एवं स्वालंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 28.09.2025 को आर.पी.सिंह महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा थाना ज्ञानपुर में मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही एवं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर व औराई रहे मौजूद। महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र द्वारा थाना ज्ञानपुर में महिलाओं/छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि 'मिशन शक्ति' योजना एक क्रांतिकारी कदम है। यह योजना मिशन मोड में कार्य करती है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को मजबूत करना है। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत स्थापित 'मिशन शक्ति केन्द्र'महिलाओं के लिए एक एकीकृत सहायता केंद्र के रूप में कार्य करता हैं। ये केंद्र 'संबल' और 'सामर्थ्य' नामक दो उप-योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को जीवन चक्र के हर चरण में समर्थन प्रदान करता हैं। इनकी उपयोगिता न केवल महिलाओं की जीवन की चुनौतियों का समाधान करना है, बल्कि समाज को अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण बनाने में भी योगदान करेगा।

इस अवसर पर अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैंने जीवन में अनुभव किया है कि महिलाएं अपने उद्देश्यों के प्रति दृढ़ होती हैं व कुछ भी कर गुजरने के लिए सक्षम होती हैं। महिलाएं देश के विकास की नींव है ।आज भी शिक्षा,खेल,विज्ञान,शिक्षण संस्थानों, सीमा सुरक्षा में उनकी भूमिका अग्रणी है ।आज मिशन शक्ति 5.0के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन और सरकारकी भी यही मंशा है कि महिलाएं देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाये।

इसी क्रम में शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति 5.0के तहत महिलाओं/छात्राओं को उनकी शक्ति व प्रतिभा के बारे में बताया कि आज नारी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं की सहायता के लिए जनपद के सभी थानों पर महिला हेल्प डेस्क बना हुआ है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं।



साथ ही छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवाएं 112 चाइल्डलाइन 1098 स्वास्थ्य सेवा 102,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि) तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच बैड टच,घरेलू हिंसा व साइबर अपराधों के बारे में हेल्पलाइन नंबर 1930 सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में बताकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित छोटी कन्याओं को महानिरीक्षक विन्ध्याचल द्वारा उपहार स्वरूप माता की चुनरी एवं प्रसाद भेंट किया गया। तत्पश्चात थाना परिसर में वृक्षारोपण कर वातावरण को संरक्षित करने का संदेश आमजन को दिया गया।



**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए उपस्थित लैब टेक्नीशियन द्वारा बताया गया की 17 प्रकार की जांच होती है, चिकित्सालय में साफ सफाई सही नहीं पाया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा निर्देशित किया गया की साफ सफाई चिकित्सालय में बनाए रखें**

**तत्पश्चात अपराह्न 3:30 पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमराध का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सक के द्वारा मेले में प्रतिभाग नहीं किया गया ,श्रीमती जूही सिंह एवं एनम सोनू देवी द्वारा मेले में प्रतिभाग़ नहीं किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वार्रा हस्एवं का माह सितंबर 2025 का 07 दिवस का वेतन बाधित किया गया।**

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला प्रतिभागियों की 'मैराथन दौड़' प्रतियोगिता का आयोजन

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत अभियान को धरातलीय पटल पर प्रभावी एवं क्रियान्वन बनाने के लिए महिला प्रतिभागियों की 'मैराथन दौड़' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज दिनांक-28.09.2025 को पूर्वान्ह 06.00 बजे अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सुरक्षा की जागरूकता हेतु जनपद स्तर पर दौड़ ींल्ह इदे स्ज्दैीसहू (मैराथन)का आयोजन पुलिस लाइन ज्ञानपुर से पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय सरपतहां के पास स्पोर्ट्स हब तक सम्पन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अधि0/कर्मचारीगण की उपस्थिति में पुलिस लाइन ज्ञानपुर से प्रतियोगिता का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर किया गया। मैराथन दौड़ में डीजे मौर्य इंटर कॉलेज देवनाथपुर लक्ष्मण पट्टी भदोही की लगभग 200 महिला प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में स्वयं प्रतिभाग कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। मैराथन दौड़ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 10 महिला प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया एवं शेष अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबोधित किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार व माननीय मुख्यमंत्री जी की तरफ से महिलाओं को सशक्त व सभी क्षेत्रों में समान सहभागिता हेतु चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत प्रदेश के जनपद में स्थित सभी थानों पर महिला हेल्पडेस्क का विस्तार कर शक्ति केंद्र की स्थापना की गई है। जहां पर महिलाओं के शिकायतों व समस्याओं का कम समय में निस्तारण किया जाएगा।



# अपने दैनिक कार्यों के लिए साइकिल या पैदल यात्रा को प्राथमिकता दें 'स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं, अच्छी दिनचर्या बनाएं'-जिलाधिकारी

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में डीएम ने साइकिल चलाकर स्वास्थ्य, पर्यावरण व स्वच्छता की त्रिवेणी का दिया संदेश

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भदोही जनपद में एक अनूठी पहल के तहत आज स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु एक भव्य साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अगुवाई भदोही साइक्लिंग क्लब के तत्वावधान में की गई, जिसका शुभारंभ गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और स्वयं साइकिल चलाकर यात्रा में सम्मिलित होकर लोगों को संदेश दिया कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हमें दैनिक जीवन में साइकिलिंग, पैदल चलना और योग जैसे प्राकृतिक उपायों को अपनाना चाहिए।

साइकिल यात्रा अताउल अंसारी के सौजन्य से प्रारंभ होकर ज्ञानपुर, दुर्गागंज त्रिमुहानी होते हुए सरपतहां स्थित जिलाधिकारी आवास पहुँची। वहाँ जिलाधिकारी ने सभी साइकिल यात्रियों का स्वागत किया एवं भदोही साइक्लिंग क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा- 'क्लब का यह प्रयास जनपद में स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में जागरूकता लाने वाला है। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक हर वर्ग के लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं, जो कि अत्यंत प्रेरणादायक है।'

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से यह भी आग्रह किया कि वे प्रदूषण रहित एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं, अपने दैनिक कार्यों के लिए साइकिल या पैदल यात्रा को प्राथमिकता दें। इससे न केवल वातावरण शुद्ध होगा, बल्कि स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होगा।



इसके बाद साइकिल यात्रा पुनः प्रारंभ होकर केशवपुर सरपतहां, लखनो, ज्ञानपुर देहात, दुर्गागंज त्रिमुहानी, सिंहपुर, इब्राहिमपुर, थानीपुर, सोनखरी, फूलबाग, चूड़ीहारी मोहाल आदि क्षेत्रों से होती हुई शहीद तिराहा पर जाकर समाप्त हुई।

साइकिल यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न नारों जैसेः वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ' ,'वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा' ,'स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग' ,'भदोही को स्वस्थ बनाना है' ,'सुबह की हवा, सौ रोगों की दवा' ,'भारत माता की जय', 'वन्दे मातरम्' के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

इस साइकिल यात्रा में सैकड़ों की संख्या में जनपदवासी, छात्र-छात्राएं, युवा, बुजुर्ग और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जनसहयोग से संचालित यह कार्यक्रम एक सकारात्मक पहल बनकर उभरा, जिससे भविष्य में और भी जागरूकता कार्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा।

# गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पशु तस्करी में लिप्त गौतस्कर गिरफ्तार

## कब्जे से पिकअप में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 9 गोवंश बरामद

भदोही। अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में पशु तस्करी पर पूर्णतः विराम लगाने के निर्देश के क्रम में शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार पशु तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त के क्रम में थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान सफेद रंग की पिकअप को रोकने का इशारा किया गया तो पिकअप चालक द्वारा अचानक मिर्जापुर रोड़ की तरफ भागने लगा कि गोपपुर तिराहे से लगभग 400 मीटर आगे पिकअप वाहन चालक वाहन सहित पकड़ लिया गया। पिकअप वाहन में बैठा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठा कर कहीं भाग गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम गोविन्द कुमार गुप्ता पुत्र दामोदर गुप्ता निवासी गंजख्वाजा थाना अलीनगर जनपद चन्दौली उम्र करीब 25 वर्ष बताया। पकड़े गए द्वारा बताया गया कि पिकअप वाहन में गोवंशीय जानवर लदे है। जिनको ग्राम अमवाँमाफी का रहने वाला मुन्नवर के हाता से लोड कर वाहन स्वामी लीला देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह यादव निवासी कजांकपुरा कोनिया जनपद वाराणसी जिनके निर्देश पर हम लोग मिर्जापुर होते हुए विहार वध हेतु ले जाकर लतीफ मुखिया ग्राम चैनपुर थाना चैनपुर जिला भभुआ बिहार के पास पहुँचाया जाता है। पकड़े गए चालक/व्यक्ति से भागने वाले व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो भागे हुए व्यक्ति का नाम सतीश कुमार पुत्र अज्ञात निवासी मिर्जामुराद जनपद वाराणसी बताया। पिकअप के पीछे का डाला खोलकर रस्सी को कटवाकर जानवर को वाहन से नीचे उतारकर गिनती किया गया तो कुल 09 राशि गोवंश (08 गाय व 01 बैल) बरामद हुए जिनको मौके पर चारा-पानी की व्यवस्था कर दिया गया। अभियुक्त का यह कृत्य अन्तर्गत धारा 3/5/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का दण्डनीय अपराध है जिसका बोध कराते हुए नियमानुसार कारण गिरफ्तारी बताकर समय करीब 02.35 बजे हिरासत पुलिस लिया गया। बरामद वाहन पिकअप का कागजात चालक से तलब करने पर कोई कागजात न दिखा पाने पर वाहन उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में जरिये ई चालान एप के माध्यम से मौके पर सीज किया गया। अभियुक्त से गहन पूछ ताछ करने पर बताया कि हम लोगों का एक गिरोह है जिसका सरगना सतीश कुमार उपरोक्त है हम लोग अपने तथा अपने गिरोह के सदस्यो के आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिए गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर बिहार वध हेतु ले जाते है इसमें हम लोगो को अच्छा पैसा मिलता है जिसको आपस में मिल बाट लेते है और अपने ऐसो आराम पर खर्च करते है।



# आगामी त्यौहार, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था एवं 'मिशन शक्ति 5.0' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। आर. पी. सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर के जनपद भदोही आगमन पर पुलिस लाइन ज्ञानपुर, भदोही में उन्हें सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गई, जिसे महोदय ने स्वीकार करते हुए गार्द का अभिवादन किया। तत्पश्चात आगामी प्रमुख त्यौहारों नवरात्रि, रामनवमी, दीपावली, छठ पूजा आदि के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं 'मिशन शक्ति 5.0'अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु सभागार भवन, पुलिस लाइन ज्ञानपुर में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आर. पी. सिंह,पुलिस महानिरीक्षक द्वारा की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक सहित जनपद के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गयेः

मिशन शक्ति अभियान के तहत आज जनपद के धाना ज्ञानपुर में मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन किया गया है तथा शेष थानों में शीघ्र मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

मिशन शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत महिला हेल्प डेस्क, एन्टीरोमियो टीम एवं महिला बीट पुलिस कार्य करेगी। केन्द्र पर किसी भी महिला/पीड़िता के साथ विनम्र व्यवहार किया जाय।

मिशन शक्ति केन्द्र पर एकीकृत सहायता जैसे पीड़िता की काउन्सिलिंग, चिकित्सा, कम्पन्सेशन एवं कानूनी सलाह आदि दी जायेगी

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा सम्बन्धित को निर्देश दिया गया कि मिशन शक्ति केन्द्र की सार्थकता तब और बढ़ जायेगी जब महिला/पीड़िता को अपने परिवार का समझकर उसकी समस्या का निराकरण किया जाय।

मिशन शक्ति केन्द्र थाना स्तर पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे एवं जनपद स्तर पर अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी होंगे।

'मिशन शक्ति' अभियान के तहत महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु विशेष निर्देश दिए गए।




प्रत्येक थाना क्षेत्र में महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय करने, महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ाने तथा स्कूल/कॉलेजों में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया गया।

छेड़खानी, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध आदि पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश।

एंटी रोमियो स्क्वॉड को सक्रिय रखते हुए बाजार, कोचिंग संस्थान, एवं सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त करने के आदेश दिए गये।

पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि 'त्योहारों के अवसर पर आमजन को निर्भय, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ' मिशन शक्ति 5.0' को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा की पूर्ण गारंटी दी जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। पुलिस-जन सहभागिता से सौहार्द्रपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए।'

# समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आयोजित हुआ बालिका समग्र उन्नयन कार्यक्रम

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन पर आधारित मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन पर केन्द्रित तथा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार, विकसित भारत का आधार के कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड डीध में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एंव मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5 की थीम स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समस्त केजीबीवी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विभिन्न सामाजिक मुद्दे जैसे जेंडर स्टेरियो टाइप, बाल विवाह, महिलाओ के लिए सरकारी योजनाओ पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया।बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग से कैप एवं टीण्शर्ट का वितरण किया गया एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे मे विस्तार से पात्रता बताते हुए आवेदन करने हेतु कहा गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन ,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में बताते हुए यह जानकारी दी गई की बालिकाएं इन नंबरों पर अपनी सुरक्षा हेतु शिकायत कर सकती हैं उनकी जानकारी गुप्त रखी जाती है। वन स्टॉप सेंटर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को विस्तार से बताया गया साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताकर जागरूक किया गया की बालिकाएं को किसी प्रकार की धोखेबाजी और छेड़छाड़ से संबंधित कॉल आए तो इस नंबर पर शिकायत दर्ज कर जानकारी दे सकती हैं। इस तरह से वह अपनी और अपनी बहनों की सुरक्षा स्वयं कर सकती हैं। उपर्युक्त कार्यक्रम में लैंगिक समानता विषय पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कराते हुए महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में बताते हुए विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना 06 श्रेणियों लाभ प्रदान किया जाता है। प्रथम श्रेणी बालिका के जन्म होने पर 5000 द्वितीय श्रेणी बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के उपरान्त 2000 तृतीय श्रेणी कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश पर 3000 चतुर्थ श्रेणी कक्षा छः में बालिका के प्रवेश पर 3000 पंचम श्रेणी कक्षा नौ में बालिका के प्रवेश पर 5000 एवं षष्ठम् श्रेणी बालिका द्वारा 12वीं उत्तीर्ण करने के उपरान्त स्नातक अथवा दो वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश पर 7000 प्रदान किया जाता है। जनपद में कुल 18570 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है क्रार्यक्रम में जिला प्रोबेशन से राजकुमार गुप्ता,ममता सिंह, रेशमा भारती, प्रियंका गुप्ता, आनन्द कुमार मौर्या, आलोक दूबे एवं शिक्षिका विद्यालय की लगभग 250 महिलाओं को मैजिक शो और नुक्कड़ नाटक के द्वारा बाल विवाह के खिलाफ दहेज प्रथा छेड़छाड़ आदि के विषय में जागरुक किया गया। वहीं जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बालिकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा समाज को बाल विवाह न करने नारी हिंसा को रोकने और नारी हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने से संबंधित नाटक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 350 महिलाएं 80 पुरुष तथा वन स्टॉप सेंटर से काउंसलर चाइल्डलाइन से उपस्थित रहे।




# लक्ष्मण ने सुपर्णखा के नाक तो राम ने जयंत का नेत्र किया भंग

**मंत्र भारत संवाददाता**

सुरियावाँ। रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे 9 दिवसीय लीला में शनिवार की रात सुपर्णखा नासिका छेदन, जयंत नेत्र भंग सती अनुसुइया संवाद, विराध वध समेत अन्य रालीला का भावपूर्ण प्रदर्शन रामलीला के पात्रों ने किया। छद्मरूप धारण कर श्रीराम और लक्ष्मण के साथ विवाह की इच्छा जताने वाली राक्षसी सुपर्णखा के लक्ष्मण ने नाक काटने की लीला देख लीला प्रेमियों जयश्रीराम के जायघोष किया। इसी तरह संदेह से ग्रसित जयंत ने प्रभु श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए माता सीता के पैर में चोंच मार भागने लगे लेकिन राम ने जैसी ही अपनी प्रियतमा सीता की पैर की चोट देख जयंत के पीछे रामबाण छोड़ दिया, अंत में उनका एक नेत्र भंग कर छोड़ा। इसी सती अनुसुइया संवाद, विराध वध, सरभंग क्रिया, सुतिक्षण अगस्त संवाद की अर्थपूर्ण प्रस्तुतियों ने देख लीला प्रेमी गदगद हो गए, रामलीला के मुख्य अथिति भाजपा नेता सुरियावा वार्ड नबर 5 के लोकप्रिय सभासद शिवप्रसाद उपाध्याय उर्फ़ बऊ ने प्रभु राम जी की पूजन आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया, और दीप प्रज्जवलित कर प्रभू की लीला का शुभारंभ किया, लीला को सकुशल संपन्न कराने में महामंत्री अवधेश उमर, अशोक जी, रमाकांत जी, नन्द लाल गुप्ता छेदी लाल गुप्ता, अश्वनी साहू, लोकेश सेठ, प्रकाश जी ,अभिषेक उमर, ठाकुर प्रसाद, वैभव, अभिनन्दन, अभी, आदि लोग उपस्थित रहे।

## योगी पुलिस ने फिर एनकाउंटर में एक लाख के इनामी को किया ढेर

### बदमाश पर दर्ज थे 36 मुकदमे

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जहां पर मीरापुर थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी और एक लाख का इनामी नईम को मार गिराया है। नईम के खिलाफ विभिन्न जिलों में हत्या, लूट और रंगदारी समेत 36 मुकदमे दर्ज थे।

पुलिस ने बताया मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी बदमाश क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने भूम्मा चौकी के पास घेराबंदी की, तभी नईम ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली सीधे नईम के सीने में लगी। घायल बदमाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल और बाइक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ने इसे बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि नईम लंबे समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दहशत का पर्याय बना हुआ था और किसी बड़ी वारदात की फिराक में था।





## प्रदेश में पंचायत चुनाव से पहले गरमाई सियासत

# 'आई लव योगी' से 'आई लव अखिलेश' तक पोस्टर वार की आग!

लखनऊ **(एजेंसी)**। पंचायत चुनावों से पहले उत्तरप्रदेश की राजनीति एक बार फिर ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ी हो गई है और राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वार शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' के पोस्टर के जवाब में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर समा समर्थकों ने 'आई लव अखिलेश यादव' के पोस्टर लगाया है और अपनी एकजुटता दर्शाई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, उप्र में पोस्टर वार की शुरुआत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की दो दिवसीय रायबरेली यात्रा के दौरान हुई थी। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी ने ब्रह्मा-विष्णु-महेश के पोस्टर लगा कर सनसनी फैला दी थी। पोस्टर में तेजस्वी, गांधी और यादव को भगवान का दर्जा दिया गया था। पोस्टर में लिखा था कि 'इंडिया की अंतिम आस, कलयुग के ब्रह्मा, विष्णु, महेश।' फोटो में तेजस्वी को भगवान ब्रह्मा का दर्जा और गांधी को भगवान विष्णु का दर्जा दिया गया था, जबकि अखिलेश को भगवान महेश का अवतार बताया गया था।

बताया जा रहा है कि इसके बाद सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा हुए समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के समर्थन में समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर अपनी निष्ठा जताई थी। सपा नेता मोहम्मद इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया था कि 'आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो...हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है'।

वहीं पिछले दिनों कानपुर के रावतपुर इलाके में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर को लेकर उठे विवाद ने राजनीतिक दलों के लिए बूस्टर डोज का काम किया है। बरेली में हुए प्रदर्शन को लेकर सरकार के सख्त रुख को देखते हुए पहले जहां आई लव महादेव के पोस्टर लग रहे थे, वही बीजेपी नेता व युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी ने 'आई लव श्री योगी आदित्यनाथ जी' और 'आई लव बुलडोजर' लिखा कर सियासी गर्मी बढ़ा दी है। इन पोस्टरों पर योगी आदित्यनाथ और त्रिपाठी की फोटो लगी है। बीच में बुलडोजर की भी फोटो छपी है। वहीं, सपा कार्यालय के बाहर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह यादव की तरफ से लगाये गए 'आई लव अखिलेश यादव जी' के पोस्टर में समाजवादी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों को दर्शाया गया है। पोस्टर में अखिलेश के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल रहे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस व एक्सप्रेस पर लड़ाकू विमानों के उतरने व लैपटॉप योजना को जगह दिया गया है।




## बच्चे सहित 5 की दर्दनाक मौत

### रोडवेज की बस से भिड़ी वैन

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के लखीमपुर खीरी में राज्य सड़क परिवहन निगम से अनुबंधित बस में रविवार सुबह वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बच्चे सहित 5 लोगों की मौत हो गई।

आपको बता दें कि यह घटना जिले के ओयल चौकी क्षेत्र की है। इस घटना में 3 बच्चों के साथ 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से गंभीर सात को मेडिकल कालेज रेफर कर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, 3 घायल बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में कराया जा रहा है।

उधर, इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर डीएम, एसपी से लेकर एसडीएम सदर सहित लखीमपुर डिपो की एआरएम पहुंच गए। वहां पर घटनास्थल का जायजा लेने के बाद घायलों को देखने के लिए अस्पताल भी पहुंच गए।

घटना की सूचना मिलते ही डीएम, एसपी से लेकर एसडीएम सदर सहित लखीमपुर डिपो की एआरएम ने घटना स्थल पर जाकर जायजा लेकर अस्पताल में घायलों का हाल चाल जाना है।



## भाजपा नेता का गोलियां मारकर कत्ल, दर्दनाक मौत

### आरोपी ने हत्या के बाद अंगुली से कुरेदे थे जख्म

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के मेरठ से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां पर एक भाजपा नेता को सरेआम गोलियों से भून दिया गया है। आरोपी ने नेता पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। जिसमें से तीन गोलियां लगने से नेता की मौत हो गई। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे ले लिया और आरोपी की तलाश में जुट गई।

बता दें कि मेरठ के किठौर इलाके के भड़ौली गांव की ये घटना है। यहां पर शनिवार सुबह भैंसा बुग्गी में खेत से चारा लेने गए भाजयुमो मंडल महामंत्री व बीडीसी प्रमोद भड़ाना (35) की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि खेत से चारा लेने जा रहे थे और रास्ते में गन्ने के खेत में छिपे रोबिन (गांव का ही रहने वाला युवक) ने पिस्टल से प्रमोद पर गोलियां बरसा दीं। प्रमोद को तीन गोलियां लगीं। भैंसा भी पैर में दो गोली लगने से घायल हो गया। प्रमोद को निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। भाई विनोद ने रोबिन के खिलाफ रिपोर्ट कराई। कई लोग हिरासत में लिए गए।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार को गांव के ही शिवम पर गढ़मुक्तेश्वर नानपुर में फायरिंग की गई थी। प्रमोद भड़ाना और प्रधान कुसुम के पति अंकित ने शिवम पक्ष के साथ गांव के रोबिन पर हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी का बदला लेने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया।



पुलिस के मुताबिक, आरोपी पहले भी हत्या की वारदात को अंजाम दे चुका है। आरोपी ने मकान के विवाद को लेकर हुई पंचायत में एलान के बाद 15 अगस्त 2018 की रात अपने शराब के ठेके लौट रहे नरेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पत्नी विमलेश ने अपने जेठ तरसपाल और उसके पुत्र रोबिन समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तब रोबिन नाबालिग था। ग्रामीणों ने बताया कि रोबिन अपने चाचा से इतनी रंजिश रखता था कि हत्या के बाद गोली के जख्मों को उसने अंगुली से कुरेदा था। फिलहाल, आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

## धार्मिक उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ लिया जाएगा कठोर एक्शन

### बरेली की घटना पर बोले- कृषि मंत्री शाही

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज देवरिया में एक शोरूम का उद्घाटन किया और पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बरेली की घटना को लेकर तौकीर राजा जैसे लोग 'आई लव मोहम्मद' जैसे नारे लगाकर समाज में सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार ऐसे लोगों को किसी भी हाल में बख्शेगी नहीं और उन्हें चिन्हित करके कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सपा नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि देवरिया में एसएस मॉल के मालिक से मिलने पहुंचे सपा डेलीगेशन ने पीड़िता के चरित्र पर सवाल उठाए हैं, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि योगी और मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण के अभियान को आगे बढ़ा रही है, लेकिन सपा के लोग महिलाओं को बदनाम करने का काम कर रहे हैं।



## गेट खोलते ही दनादन घुसीं औरतें फिर लगीं शख्स को गिरा-गिराकर पीटने

### पत्नी देखती रही तमाशा, घर के अंदर हो गया बड़ा कांड

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के झांसी जिले से एक बड़ा ही अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है। जिले की पंचवटी कॉलोनी में 18 सितंबर को घनश्याम साहू अपने बच्चों और भांजे ऋषि साहू के साथ घर में थे। तभी किसी ने घर की घंटी बजाई। दरवाजा खोलते ही कुछ महिलाएं और पुरुष अचानक घर में घुस गए और उन्हें पीटने लगे।

पीड़ित का आरोप है कि उनकी पत्नी मोहिनी ने गुलाबी गैंग की कथित महिलाओं से उन्हें पिटवाया है। इतना ही नहीं खुद बाहर खड़ी होकर तमाशा देखती रही। घनश्याम का कहना है कि हमला करने वालों ने उन्हें गिराकर पीटा। इस मारपीट-हंगामे के दौरान घर से 3 मोबाइल और 2 लैपटॉप भी चोरी हो गए। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पत्नी का एक अन्य युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा है और इसी वजह से उसे मारवाया गया।

घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर शांतिभंग का चालान किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राकेश पाल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर उसकी पत्नी, प्रदीप ठाकुर, शबा खान सहित छह अज्ञात महिलाओं और दो पुरुषों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। मामले में चोरी और शांतिभंग की धाराओं के तहत आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, पंजाब केसरी इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस अनोखी घटना ने स्थानीय लोगों में चौंका दिया है।



## घर में चल रही थी शादी की तैयारी मलेशिया से खबर आई कि बेटे की मौत!

सीधी **(एजेंसी)**। मध्य प्रदेश के सीधी जिले से संबंध रखने वाले एक युवक के साथ मलेशिया में दर्दनाक हादसा हुआ है. मलेशिया में इस युवक की करंट लगने से दुखद मौत हो गई है । परिवार को जैसे ही यह खबर मिली घर में मातम पसर गया। इस हादसे का एक और दुखद पहलू ये भी है कि 1 महीने बाद ही नवंबर में उसकी शादी होनी थी। बेटे के जाने के साथ ही घरवालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक सीधी के सिहावल जनपद के सुनील के साथ ये हृदय विदारक घटना हुई है, शव छह दिन बाद उनके गांव पहुंच गया है। बता देते हैं कि सुनील का सेलेक्शन मर्चेंट नेवी में एक साल पहले ही हुआ था और नवंबर महीने में उसकी शादी भी होनी वाली थी। घटना 23 सितंबर की है। सुनील ड्यूटी पर था और इसी दौरान करंट से उसकी मौके पर मौत हो गई।

घर की बात करें तो सुनील दो भाईयों में बड़ा था। सुनील एक योग्यता वाला होनहार लड़का था। सब उसकी प्रशंसा करते थे। नौकरी के बाद ही सुनील की शादी तय हुई थी। पूरा परिवार खुशी-खुशी शादियों की तैयारियों में जुटा था। 22 नवबंर को होने वाली शादी को लेकर सभी उत्साह के साथ काम कर रहे थे लेकिन किसी को क्या पता था कि ऐसा दिल को चीर देने वाला वक्त आएगा और जिसकी शादी की तैयारियां वो दिन-रात एक करके कर रहे हैं उसकी अंतिम विदाई उस दुनिया से करने पड़ेगी। लिहाजा इस बहुत ही दुखद घटना के बाद घरवाले जहां सदमे में हैं वहीं गांव भी गम में डूबा है।



# तमिलनाडु भगदड़ पर पुलिस ने क्या- कोई पत्थरबाजी नहीं हुई, हमारे सुझाव नहीं माने

चेन्नई **(एजेंसी)**। तमिलनाडु पुलिस ने रविवार को तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के दावों का खंडन करते हुए कहा कि एक्टर से नेता बने विजय की करूर में आयोजित रैली में पथराव की कोई घटना नहीं हुई, जहां शनिवार शाम भगदड़ में कम से कम 40 लोगों की जान चली गई थी। टीवीके ने दावा किया था कि पथराव के कारण भगदड़ मची थी, लेकिन पुलिस ने इन दावों का खंडन किया और कहा कि पार्टी नेतृत्व ने भारी भीड़ जुटाई और हमारे आदेश नहीं माने।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) डेविडसन देवसिरवथम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कार्यक्रम में कई घंटे की देरी हुई। उनके अनुसार, इसी वजह से नमक्कल से भी लोग, जहां विजय की एक और रैली होने वाली थी, करूर में कार्यक्रम स्थल पर जमा हो गए। उन्होंने कहा कि इसके कारण भारी भीड़ जमा हो गई जिसे नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। एडीजीपी के अनुसार, टीवीके ने 12, 000 लोगों के जमावड़े की अनुमति मांगी थी और उसके अनुसार पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। उन्होंने कहा, 'नमक्कल में प्रचार में देरी होने के कारण, वह (विजय) शाम 6 बजे ही करूर पहुंच पाए। भीड़ तेजी से बढ़ने लगी, नमक्कल और करूर, दोनों जगहों से लोग उन्हें देखने के लिए इकट्ठा हो रहे थे... हर कोई अपने नेता को देखना चाहता था और वे गाड़ी की ओर बढ़ रहे थे। ऐसा इसलिए क्योंकि बहुत सारे युवा किसी की भी बात सुनने को तैयार नहीं थे।''



एडीजीपी डेविडसन ने कहा कि आयोजकों से कम लोगों वाले क्षेत्र में भाषण देने का अनुरोध किया गया था, लेकिन इस अनुरोध पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने भीड़ के संभावित आकार का अनुमान लगाने में खुफिया विफलता के आरोपों का भी खंडन किया। उन्होंने कहा, ''आयोजकों ने अधिकारियों के सुझाव को अस्वीकार कर दिया। इसके अलावा, विजय की बस के अंदर रोशनी नहीं थी, इसलिए भीड़ उसे देख नहीं पाई और बस के साथ-साथ चलने लगी।'

इस बीच, टीवीके ने रविवार को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एम. दंडपाणि के समक्ष उल्लेख किया कि पार्टी द्वारा 27 सितंबर को करूर में आयोजित एक रैली में भगदड़ के दौरान हुई 40 लोगों की मौत की घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) से कराने का आदेश दिया जाए। टीवीके की अधिवक्ता इकाई के अध्यक्ष एस. अरिवाझगन के नेतृत्व में वकीलों के एक समूह ने ग्रीनवेज रोड स्थित न्यायमूर्ति एम.दंडपाणि के आवास पर जाकर यह उल्लेख किया। वैकल्पिक रूप से, उन्होंने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह इस घटना (भगदड़ के कारण 40 लोगों की मौत) का स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू करे। टीवीके के पदाधिकारी निर्मल कुमार के अनुसार, न्यायाधीश ने वकीलों से कहा कि वे मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के समक्ष एक याचिका दायर करें और इस पर सोमवार अपराह्न 2.15 बजे सुनवाई की जाएगी।

## 'फ़िल्म पर्दे पर हारी है, पर डॉयलॉगबाजी जारी है' अखिलेश ने किसे लेकर कसा तंज?

### एक्स पर लिखा - 27 में दुबारा इन्हें नकारेंगे, इनके अहंकार का भूत उतारेंगे

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश में बरेली में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदर्शन करने वालों और सड़क जाम करने वालों को धमकी देते नजर आ रहे हैं। इसी अखिलेश यादव ने एक्स पर चुटकी ले ली है। दरअसल, उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि फ़िल्म पर्दे पर हारी है, पर डॉयलॉगबाजी जारी है।

इतना ही नहीं सपा मुखिया ने आगे ट्वीट में लिखा है कि सुना है भाजपा के 4 विधायक भी फ़िल्म देखने नहीं गये, न ही किसीने फ़िल्म देखते हुए अपनी फोटो डाली, लगता है फ़िल्म बनवानेवाले, फ़िल्म देखने के लिए व्हिप जारी करना भूल गये थे। इस हिसाब से तो सरकार गिरी हुई मानी जाएगी और ये वो पहली सरकार होगी जो 'सदन' में नहीं, 'सिनेमा हॉल' में गिरी है। सिनेमा के आलोचक कह रहे हैं कि फ़िल्म की नाकामी के कारण पता करने के लिए तो एछ्ऊ बैठानी पड़ेगी, वैसे तो एक कारण ये है कि दर्शक सच्ची भावनात्मक फ़िल्म देखना चाहते है, परंतु ये फ़िल्म तो सच्चाई से कोसों दूर है और मानवीय संवेदनाओं से भी। अभी इन्हें दर्शकों ने नकारा है, '24 के बाद एक बार फिर से मतदाता '27 में दुबारा इन्हें नकारेंगे, इनके अहंकार का भूत उतारेंगे।

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर एक अजेय फिल्म बनी है। जो फ्लाप माना जा रहा है। उसी को लेकर और वर्तमान में सीएम योगी के द्वारा दी जारी भाषण को लेकर अखिलेश यादव एक्स के जरिए चुटकी ली है।



## गिरिराज सिंह ने शेयर किया 'आई लव मोहम्मद' का पोस्टर, वायरल पोस्ट से मचा हड़कंप

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य राज्यों में 'आई लव मोहम्मद' पोस्टरों को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोगों ने ये पोस्टर मस्जिदों और सार्वजनिक स्थानों पर लगाए, जबकि हिंदू समाज ने इसके जवाब में 'आई लव महादेव' के पोस्टर लगाने शुरू कर दिए। यूपी, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में इस विवाद के मामले सामने आए हैं।

यूपी पुलिस ने कई जिलों में 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर लगाकर जुलूस निकालने वालों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी है।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार दोपहर अपने एक्स अकाउंट पर 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर शेयर किया। इस पोस्ट को देखकर लोग हैरान रह गए और कई लोगों को लगा कि उनका अकाउंट हैक हो गया है। हालांकि, गिरिराज सिंह ने कैप्शन में लिखा, 'जय सनातन, जय महादेव।'



कुछ ही समय में यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और शाम 5 बजे तक इसे लगभग पांच लाख लोगों ने देखा। गिरिराज सिंह पहले भी 'आई लव मोहम्मद' पोस्टरों का विरोध कर चुके हैं, इसलिए उनके अकाउंट से यह पोस्टर निकलना लोगों के लिए चौंकाने वाला रहा।

हाल ही में गिरिराज सिंह ने इन पोस्टरों के जरिए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया कि 'आई लव मोहम्मद' पोस्टरों के माध्यम से कांग्रेस और आरजेडी देश में गृह युद्ध करवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भड़काऊ टिप्पणियों के कारण लेह में हिंसा भड़क गई। गिरिराज सिंह ने यह भी दावा किया कि इन पोस्टरों के पीछे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का हाथ है।

## ईडब्ल्यूएस घोटाले-छेड़छाड़ मामले में 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया 'फर्जी बाबा' चैत्यानंद सरस्वती

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। दिल्ली पुलिस की टीम ने ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति घोटाले और छेड़छाड़ के आरोपी पार्थ सारथी उर्फ चैत्यानंद सरस्वती को रविवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

आरोपी पार्थ सारथी पर ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति के तहत पीजीडीएम पाठ्यक्रम कर रही छात्राओं से कथित तौर पर छेड़छाड़ और जालसाजी का गंभीर आरोप है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पार्थ सारथी उर्फ चैत्यानंद सरस्वती को कल (शनिवार) देर रात आगरा के एक होटल से गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने अदालत से विस्तृत पूछताछ और मामले से संबंधित और सबूत जुटाने के लिए हिरासत की मांग की थी, जिसके बाद पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपी को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच करेगी।



## टीम इंडिया की जीत के लिए विशेष पूजन भारत-पाकिस्तान मैच से पहले हवन

### शिवलिंग में खिलाड़ियों के नाम की पर्ची चिपकाकर की गई पूजा

उज्जैन **(एजेंसी)**। दुबई में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप फाइनल से पहले देशभर में भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थनाओं का दौर शुरू हो गया। उज्जैन में आस्था और क्रिकेट प्रेम का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां महामंडलेश्वर ने टीम इंडिया की जीत के लिए विशेष अनुष्ठान किए।

उज्जैन के प्रसिद्ध अर्जी वाले हनुमान मंदिर में भक्तों ने बजरंगबली से प्रार्थना की कि वे भारतीय खिलाड़ियों को शक्ति दें ताकि वे पाकिस्तान को हरा सकें। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी ने भारत की जीत के लिए विशेष पूजन और हवन-पाठ का आयोजन किया। उन्होंने टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों के नाम की पर्चियां शिवलिंग पर चिपकाकर उनकी सफलता की कामना की।

महामंडलेश्वर ने कहा, 'बाबा महाकाल का आशीर्वाद हमेशा भारत के साथ रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि टीम इंडिया यह ऐतिहासिक फाइनल जीतकर देश को गौरवान्वित करेगी।' इस अवसर पर हजारों भक्त मौजूद थे, जिन्होंने देश की जीत और भारतीय खिलाड़ियों की सफलता के लिए विशेष प्रार्थनाएं कीं। यह कार्यक्रम दर्शाता है कि कैसे क्रिकेट और आस्था मिलकर लोगों में उत्साह और जोश पैदा करते हैं।



# पैरा चैंपियनशिप आइईडी धमाके में पैर गंवाया, अब पैरा तीरंदाजी चैंपियन बने तोमन

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता तोमन कुमार ने छत्तीसगढ़ में 2022 में एक नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एक घातक आइईडी विस्फोट में अपना पैर गंवा दिया था लेकिन उन्होंने इसके बाद की चुनौतियों से पार पाते हुए सफलता की ओर कदम बढ़ाए।

केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 30 वर्षीय कांस्टेबल ने अब तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में सात पदक जीते हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में शनिवार को पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा का खिताब जीता।

तोमन सीआरपीएफ की एक इकाई का हिस्सा थे जिसे देश के सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में से एक दक्षिण बस्तर क्षेत्र में नियुक्त किया गया था। फरवरी 2022 में सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी के दौरान तोमन आइईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में घायल हो गए।



सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह इसमें गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिससे 12 फरवरी 2022 को उसका बायां पैर काटना पड़ा। उन्होंने कहा, 'तोमन कुमार 2017 में सीआरपीएफ में शामिल हुए थे और जब वह मात्र 26 वर्ष के थे। लेकिन बस्तर में फरवरी में हुई इस मुठभेड़ में शरीर का एक अंग गंवाना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।'

अधिकारी ने आगे बताया कि वह सीआरपीएफ के एक विशेष सेंटर राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र में शामिल हो गए जिसे 2020 में शारीरिक रूप से अक्षमता का सामना करने वाले जवानों के लिए खोला गया था। उन्होंने बताया कि तोमन ने नवंबर 2023 में पैरा तीरंदाजी का अभ्यास शुरू किया और एक साल बाद सितंबर 2024 में उन्हें सीआरपीएफ की केंद्रीय (मुख्य) टीम में शामिल किया गया। तोमन ने तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अलावा, ग्वांगजू सहित चार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लिया है।

# बीसीसीआई की जूनियर क्रिकेटरों पर सख्ती आईपीएल में डेब्यू से पहले पास करनी होगी घरेलू 'परीक्षा'

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने युवा क्रिकेटरों के लिए नया नियम लागू कर सबको चौंका दिया है। अब कोई भी खिलाड़ी सीधे आईपीएल की चकाचौंध में छलांग नहीं लगा पाएगा। आईपीएल में जगह बनाने से पहले उन्हें घरेलू क्रिकेट की 'परीक्षा' पास करनी होगी। यानी रणजी जैसे प्रथम श्रेणी मैच खेलना अब अनिवार्य कर दिया गया है। यह बदलाव न सिर्फ खिलाड़ियों को मजबूत बनाएगा बल्कि भारतीय क्रिकेट की जड़ों को भी और मज़बूत करेगा।

बीसीसीआई ने साफ़ कर दिया है कि अंडर-16 और अंडर-19 क्रिकेटर आईपीएल का हिस्सा तभी बन सकेंगे, जब वे कम से कम एक प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हों। पहले ऐसा कोई नियम नहीं था, और कई खिलाड़ी सीधे नीलामी या ट्रायल से आईपीएल में एंट्री ले लेते थे।

इस बदलाव के महत्व को समझाने के लिए बीसीसीआई ने राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण दिया। मात्र 13 साल 243 दिन की उम्र में 1.10 करोड़ रुपये में खरीदे गए वैभव ने डेब्यू से पहले ही बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पारी खेली थी। यही वजह है कि वह आईपीएल में सबसे कम उम्र में शामिल होने के बावजूद तैयार नज़र आए। अब तक उन्होंने पाँच प्रथम श्रेणी मैचों में 100 रन बनाए हैं।

बीसीसीआई का मानना है कि आईपीएल की ग्लैमर और प्रतिस्पर्धा का सामना करने से पहले घरेलू स्तर का अनुभव ज़रूरी है। इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए भी बेहतर ढंग से तैयार होंगे।




नए नियम के साथ बीसीसीआई ने एक और बड़ा ऐलान किया है– जो खिलाड़ी सीज़न में ज्यादा घरेलू मैच खेलेंगे, उन्हें ज्यादा भुगतान मिलेगा। इसका मकसद है खिलाड़ियों को लगातार खेलते रहने के लिए प्रोत्साहित करना और घरेलू टूर्नामेंटों को गंभीरता से लेने की प्रेरणा देना।

यह कदम भारतीय क्रिकेट के भविष्य को सुरक्षित करने वाला माना जा रहा है। अब हर जूनियर खिलाड़ी के लिए आईपीएल तक का रास्ता घरेलू क्रिकेट से होकर गुज़रेगा। इसका सीधा असर रणजी और दूसरे टूर्नामेंटों की प्रतिस्पर्धा पर भी पड़ेगा, जिससे न केवल खिलाड़ियों बल्कि भारतीय क्रिकेट की जड़ों को भी मजबूती मिलेगी।

# बुल्गारियाई पैरा खिलाड़ी ने रचा इतिहास विश्व रिकॉर्ड तोड़कर जीता लगातार छठा स्वर्ण

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। खेलों की दुनिया में कुछ नाम सिर्फ जीतने के लिए नहीं, बल्कि इतिहास बदलने के लिए जाने जाते हैं। बुल्गारिया के पैरा शॉटपुट स्टार रुज़्दी ने ऐसा ही कमाल कर दिखाया। दुबई में हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने न केवल लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता, बल्कि अपने ही बनाए विश्व रिकॉर्ड को ध्वस्त कर नई ऊँचाई छू ली। उनका यह कारनामा खेल प्रेमियों के लिए प्रेरणा से कम नहीं।

34 वर्षीय रुज़्दी रविवार को पुरुषों की शॉटपुट एफ 55 स्पर्धा में उतरे तो सबकी निगाहें उन पर थीं। आखिरी और छठे प्रयास में उन्होंने 12.94 मीटर की शानदार थ्रो लगाई। यह दूरी उनके ही 2023 पेरिस विश्व चैंपियनशिप में बनाए 12.68 मीटर के रिकॉर्ड से कहीं आगे थी। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पैरा शॉटपुट में अपना दबदबा और मज़बूत कर दिया।

दूसरे दिन सुबह के सत्र में रुज़्दी के अलावा भी तीन नए विश्व रिकॉर्ड बने।

मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने पुरुषों की लंबी कूद टी -20 में 7.67 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता और अपनी हैट्रिक पूरी की।




यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने शॉटपुट टी12 में 17.39 मीटर फेंककर नया रिकॉर्ड बनाया।

अल्जीरिया की नसीमा सैफी ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो एफ57 स्पर्धा में 34.54 मीटर का थ्रो लगाकर लगातार छठा स्वर्ण अपने नाम किया।

रुज़्दी की सफलता सिर्फ खेल की उपलब्धि नहीं, बल्कि इंसानी जज़्बे की कहानी है। एक कार दुर्घटना में उनके कमर से नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया था। लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय खेल को अपनी नई पहचान बना लिया। 2015 दोहा से शुरू हुई उनकी स्वर्ण यात्रा अब तक हर संस्करण में जारी है। यह तीसरी बार है जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# एनटीपीसी ने 2024-25 के लिए सरकार को 3, 248 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश दिया

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में बिजली मंत्रालय को 3, 248 करोड़ रुपए का भुगतान किया। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल के साथ 25 सितंबर को बिजली सचिव पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में बिजली मंत्री मनोहर लाल को अंतिम लाभांश सौंपा।

बयान में कहा गया कि यह राशि नवंबर 2024 में 2, 424 करोड़ रुपए के पहले अंतरिम लाभांश और फरवरी 2025 में दिए गए 2, 424 करोड़ रुपए के दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भुगतान किया गया कुल लाभांश 8, 096 करोड़ रुपए है, जो 10 रुपए अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 8.35 रुपए बैठता है। यह लगातार 32वां वर्ष है, जब एनटीपीसी लिमिटेड ने लाभांश का भुगतान किया।




# कमजोर रुपए और शेयर बाजार की गिरावट के बीच गोल्ड-सिल्वर की बढ़ी मांग

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारत में सोना और चांदी हमेशा से निवेशकों के लिए सुरक्षित और पारंपरिक विकल्प माने जाते हैं। जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव या रुपए में कमजोरी आती है, निवेशक अपनी पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए सोने और चांदी की ओर रुख करते हैं। इसी कारण बीते सप्ताह में रुपए की गिरावट और शेयर बाजार में कमजोरी के बीच सोने-चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली।

कमजोर रुपए और वैश्विक बाजार से मिले समर्थन के चलते सोने की कीमतों में तेज़ी दर्ज की गई। हफ्तेभर में सोना लगभग 800 से 1, 000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि फेस्टिव सीजन के करीब आने के कारण भी मांग में वृद्धि हुई, जिससे सोने की कीमतों को मजबूती मिली।

सोने के साथ-साथ चांदी में भी उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के कमजोर पड़ने और इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ने के कारण चांदी की कीमत हफ्तेभर में 1, 500 से 2, 000 रुपए प्रति किलो तक बढ़ गई। घरेलू बाजार में यह निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

बीते दिनों भारतीय रुपए ने डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी दिखाई। गुरुवार को एक डॉलर की कीमत 88.76 रुपए तक पहुंच गई। चूंकि भारत में सोना और चांदी का बड़ा हिस्सा आयात किया जाता है, रुपए के मूल्य में गिरावट सीधे इन धातुओं की कीमतों को बढ़ा देती है।

सेंसेक्स और निफ्टी में इस हफ्ते भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3इ नीचे बंद हुए, जबकि निफ्टी बैंक 2इ टूटा। आईटी सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित रहा, निफ्टी आईटी इंडेक्स 8इ गिरा और टीसीएस ने पांच साल में सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन दिया। कुल मिलाकर 43 निफ्टी शेयर नुकसान में रहे और बीएसई लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में लगभग 16 लाख करोड़ रुपए की कमी आई। इस गिरावट ने निवेशकों को सुरक्षित विकल्प की ओर आकर्षित किया, जिससे सोना और चांदी की कीमतों में तेजी बनी रही।



# अमेरिकी शुल्क भारत की वृद्धि के लिए बड़ा जोखिम : क्रिसिल इंटेलिजेंस

कोलकाता। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने अपनी सितंबर की रिपोर्ट में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के उच्च शुल्क लगाने से देश की वृद्धि के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क भारतीय वस्तुओं के निर्यात और निवेश दोनों को प्रभावित करेंगे। हालांकि, क्रिसिल इंटेलिजेंस ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित घरेलू खपत से वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

देश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रहने की संभावना है।

इसमें यह भी कहा गया कि कृषि क्षेत्र की अच्छी वृद्धि से खाद्य मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने की उम्मीद है, हालांकि अत्यधिक वर्षा के प्रभाव का अभी पूरी तरह से आकलन नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कम कीमतों और वैश्विक स्तर पर जिंस कीमतों में नरमी से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति पर लगाम लगने की उम्मीद है।




# एशिया कप : फाइनल से पहले विवाद, पाकिस्तान ने भारतीय तेज गेंदबाज के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। एशिया कप 2025 का रोमांच अपने चरम पर है, लेकिन मैदान पर भिड़ंत से पहले ही भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह सुर्खियों में आ गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उन पर सुपर-फोर मुकाबले के दौरान दर्शकों के प्रति 'अश्लील हावभाव' करने का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में शिकायत दर्ज कराई है। अर्शदीप, जो इस वक्त भारत के सबसे सफल टी20आई गेंदबाज माने जाते हैं, अब विवादों के घेरे में हैं। फाइनल से पहले यह मसला दोनों देशों के बीच पहले से ही गरमाए माहौल को और भड़का रहा है। समा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, 21 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत-पाक मैच के दौरान अर्शदीप का व्यवहार पीसीबी को खटका। आरोप है कि उन्होंने दर्शकों की ओर अनुचित इशारे किए। पीसीबी का कहना है कि इस हरकत ने क्रिकेट की छवि धूमिल की और यह आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन है। इसी आधार पर बोर्ड ने आईसीसी से सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला फाइनल पहले से ही हाई-वोल्टेज मुकाबला माना जा रहा है। लेकिन अर्शदीप पर लगे आरोपों ने मैच का माहौल और तनावपूर्ण बना दिया है। भारतीय खेमे को उम्मीद है कि यह विवाद टीम के मनोबल पर असर नहीं डालेगा, वहीं पाकिस्तानी मीडिया इसे अपनी बड़ी जीत मानकर देख रहा है।

अर्शदीप सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे भरोसेमंद टी20 गेंदबाजों में गिने जाते हैं। पावरप्ले में विकेट निकालना और डेथ ओवरों में रन रोकना उनकी सबसे बड़ी ताकत है। सुपर-फोर मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने अहम मौके पर विकेट लेकर भारत की जीत में योगदान दिया था। अब सवाल यह है कि क्या यह विवाद उनकी लय को प्रभावित करेगा या वे एक बार फिर दबाव में शानदार प्रदर्शन करेंगे।



गौर करने वाली बात यह है कि अर्शदीप अकेले खिलाड़ी नहीं हैं जिनका नाम विवादों में आया। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर राजनीतिक टिप्पणी के लिए जुर्माना लगा, जबकि पाकिस्तानी तेज़ गेंदबाज हारिस रऊफ को अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर दंडित किया गया। साहिबज़ादा फरहान को भी उनके जश्न मनाने के तरीके के लिए चेतावनी दी गई।

# नियाभर में बज गई खतरे की घंटी, एआई को लेकर दी चेतावनी!

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। दुनियाभर की कई बड़ी कंपनियों में हाल के महीनों में कर्मचारियों की छंटनी की खबरें सामने आई हैं। अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, इंटेल जैसी कंपनियों ने सैकड़ों कर्मचारियों को काम से हटाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका मुख्य कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का तेजी से अपनाया जाना और ऑटोमेशन में बदलाव है।

वॉलमार्ट के सीईओ डग मैकमिलन ने भी चेतावनी दी है कि एआई कई नौकरियों को प्रभावित करेगा और वर्कफोर्स की संरचना बदल देगा। उन्होंने कहा, 'आने वाले समय में काम करने के हर पहलू पर एआई का असर देखने को मिलेगा। यह बिल्कुल साफ है कि एआई हर नौकरी को किसी न किसी रूप में बदल देगा।'

मैकमिलन ने कहा कि एआई के बढ़ते प्रभाव से लेबर मार्केट में बदलाव हमारी उम्मीदों से कहीं अधिक होगा। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, फोर्ड, जेपी मॉर्गन चेज और अमेज़न जैसी कंपनियों ने भी इसी तरह की चेतावनी दी है।

2.1 मिलियन कर्मचारियों वाली दुनिया की सबसे बड़ी एम्प्लॉयर कंपनी वॉलमार्ट ने बताया कि अगले तीन सालों में कुल कर्मचारियों की संख्या स्थिर रहेगी, लेकिन कई काम करने के तरीके बदलेंगे और इससे कुछ नौकरियां समाप्त होंगी। पहले ही वेयरहाउस ऑटोमेशन, एआई-ड्रिवेन चैटबॉट और बैकस्टोर ऑटोमेशन में कई जॉब खत्म हो चुकी हैं। वहीं, कुछ नई भूमिकाएं भी उभर रही हैं, जैसे एआई टूल्स बनाने वाले रोल और हाई-टच कस्टमर फेसेसिंग जॉब्स।



# डेढ़ साल में क्यों टूटी अभिषेक बजाज और आकांक्षा जिंदल की शादी? एक्स वाइफ ने किए चौंकाने वाले खुलासे

फेमस रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' जब से शुरू हुआ है, तभी से यह लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इसके लगभग सभी कंटेस्टेंट्स लाइमलाइट का हिस्सा बने हुए हैं। घर के अंदर कई लोगों का बेहतरीन गेम देखने को मिल रहा है, जिसमें अभिषेक बजाज का नाम भी शामिल है। हालांकि, गेम के अलावा उनकी पर्सनल लाइफ भी चर्चा में बनी हुई है। कुछ दिनों पहले अभिषेक और उनकी एक्स वाइफ की तस्वीरें वायरल हुई थी। अब आकांक्षा जिंदल ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने कंटेस्टेंट को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

'बिग बॉस 19' में अभिषेक बजाज और अशनूर कौर के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिल रही है। घर के बाहर और घर के अंदर भी बहुत से लोगों को लग रहा है कि दोनों एक-दूसरे को पसंद कर रहे हैं। हालांकि, अभिषेक-अशनूर लगातार इससे इनकार कर रहे हैं और अपनी बॉन्डिंग को दोस्ती का नाम दे रहे हैं। इसी बीच अब कंटेस्टेंट की एक्स वाइफ आकांक्षा ने उन्हें लेकर काफी सारी चीजें शेयर की है।

विक्की लालवानी को दिए एक इंटरव्यू में आकांक्षा ने बताया कि वह एक-दूसरे को स्कूल के समय से जानते थे। दोनों ने 7 साल तक डेट किया और उसके बाद शादी कर ली। हालांकि, इस शादी के आकांक्षा के घर वाले कुछ ज्यादा खुश नहीं थे। फिर भी वह अपनी बेटी के लिए मान गए।

इसके बाद जब आकांक्षा से सवाल किया गया कि दोनों स्कूल से एक-दूसरे को जानते थे, 7 साल का रिश्ता था, तो फिर ऐसा क्या हुआ कि शादी डेढ़ साल में ही टूट गई। इसके जवाब में अभिषेक की एक्स वाइफ ने कहा, 'चीजें बिल्कुल ही 360 बदल गई मेरे लिए, मैं एक्सेप्ट नहीं कर पा रही थी। जाहिर है उसने धोखा दिया। उसका व्यवहार देख के मुझे समझ आ रहा था कि वह नहीं बदलने वाला है।' इसके आगे उन्होंने कहा, 'हमारे बीच नहीं चल पाएगा। इस समय पर मेरे परिवार ने मुझे बहुत सपोर्ट किया। वह काफी सारी लड़कियों के साथ इन्वॉल्व था। बहुत सारे इंडस्ट्री के लोगों ने मुझे उसके बारे में बताया। मैं एक क्रिएटिव इंसान हूं। मैं आज भी किताबें पढ़ती हूं और मुझे यह बहुत पसंद है। मैं एक क्रिएटर बनना चाहती हूं, लेकिन मुझे उन चीजों को लेकर सपोर्ट नहीं किया गया। मुझसे कहा गया कि तुम्हें इन सबकी इजाजत नहीं है। मुझे समझ में नहीं आता कि शादी में इजाजत होने या नहीं होने का क्या मतलब है।'



इसके आगे आकांक्षा ने बताया कि कैसे उन्हे स्क्रीनशॉट और कुछ चीजें मिली। फिर जब अभिषेक वाल किए, तो वह सच बताने के बजाए विक्टिम कार्ड खेलने लग गए। 'बिग बॉस 19' कंटेस्टेंट अभिषेक अपनी पत्नी के खिलाफ ही सबूत ढूंढने लगे ताकि वो गलत ठहरा सके।

# 'चांद के सुरतिया', करवाचौथ से पहले वायरल हो रहा शिल्पी राज का ये गाना

करवाचौथ के लिए भोजपुरी गानों का बहुत महत्व है, क्योंकि ये गाने इस त्योहार के दौरान महिलाओं की भावनाओं और पतिव्रता के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाते हैं। ये गाने न केवल सुहागिन महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, बल्कि ये उनके पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए भी गाए जाते हैं। कुछ ही दिनों में करवा चौथ आने वाला है और ऐसे में यूट्यूब पर शिल्पी राज का 'चांद के सुरतिया'गाना काफी वायरल हो रहा है।

ये गाना आरकेके नाम के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है। वैसे तो ये गाना लगभग एक साल पुराना है, लेकिन इसे काफी देखा और पसंद किया जा रहा है। गाने में लड़की करवाचौथ पर चांद का इंतजार कर रही है और अपने पति के चेहरे को देख उसकी तुलना चांद से कर रही है।

इसके अलावा शिल्पी राज का 'चांद और पिया दोनों साथ' करवाचौथ का गाना भी काफी मशहूर है। ये गाना 2021 में रिलीज हुआ था और अब करवाचौथ से पहले फिर से वायरल हो रहा है। इस गाने में शिल्पी राज की आवाज में सुहागिन महिलाओं की भावनाएं और चांद के प्रति उनकी श्रद्धा को दर्शाया गया है। गाने के बोल अर्जुन अजनबी ने लिखे हैं और संगीत आर्या शर्मा ने दिया है। -'साजन की सुहागन', ये गाना करवाचौथ के अवसर पर बहुत लोकप्रिय है, जिसमें पति-पत्नी के प्यार और वैवाहिक जीवन की खुशियों को दर्शाया गया है।



-'बदरी से छेड़ताटे चांद', ये गाना भी करवाचौथ के लिए बहुत प्रसिद्ध है, जिसमें चंद्रमा की पूजा और पति की लंबी आयु की कामना की जाती है।

-'कबहु ना साथ छूटे बलम के', ये गाना पतिव्रता की निष्ठा और पति-पत्नी के अटूट प्रेम को दर्शाता है। आम्रपाली दुबे और मोनालिसा का करवाचौथ गाना,ये गाना बहुत लोकप्रिय है, जिसमें दोनों अभिनेत्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए दुआएं मांग रही हैं और शिव-पार्वती की पूजा कर रही हैं।